

बीजेपी राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के घोषणापत्र पर हमला बोलते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 94 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302


actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

आदर्श विचार



“जो होने वाला हैं वो होकर ही रहता है, और जो नहीं होने वाला वह कभी नहीं होता।”
-भागवद गीता

मन की बात



“संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।”
-स्वामी विवेकानंद

तीसरी आंख




# कांग्रेस के घोषणापत्र में 5 न्याय, 25 गारंटी

## 400 रु. मजदूरी, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख, एमएसपी कानून और जाति जनगणना का वादा

**वादों का पिटारा**

**मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने की बात कही गई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में सोनिया, राहुल, खड़गे और मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने और जाति जनगणना कराने का जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा किया गया है। पार्टी ने कहा है कि उसका घोषणा पत्र वर्क, वेल्थ और वेलफेयर पर आधारित है। यहां वर्क के मायने रोजगार, वेल्थ के मायने आमदनी और वेलफेयर के मायने सरकारी स्कीम्स के फायदे दिलाना है।

**कांग्रेस पार्टी की 4 अन्य बड़ी घोषणाएं...**

- वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे।
- मतदान ईवीएम के जरिए होंगे, लेकिन वीवीपैट की पर्ची से मिलान किया जाएगा।
- 10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा। इसके तहत दलबदल करने पर विधानसभा या संसद की सदस्यता खुद समाप्त हो जाएगी।
- पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। हर मामले को संसद या राज्य विधानमंडलों की निगरानी में लाया जाएगा।

**यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए हैः** राहुल गांधी ने कहा- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एक तरफ एनडीए और प्रधानमंत्री मोदी हैं जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करता है।

**बुजुर्गो को रेलवे में रियायत का वादाः** कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में बुजुर्गो को रेलवे में रियायत देने का वादा किया है। कोरोना के बाद से केंद्र सरकार ने इसे लगभग खत्म कर दिया है।

**सेहत के मोर्चे पर दो बड़े ऐलानः** देशभर के लिए 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज की योजना (हालांकि राजस्थान में राहुल गांधी ने 50 लाख रु. तक के फ्री इलाज की घोषणा की थी, इसके बाद कांग्रेस वहां हार गई थी)। कुल बजट का 4 फीसदी स्वास्थ्य के लिए, यह 2028-29 तक हो पाएगा।



### मोदी मणिपुर जाने से डरते हैंः खड़गे

**खड़गे** ने कहा कि हम डरने वाले नहीं है, क्योंकि हम उसूलों वाले लोग हैं। हमारे नेता राहुल और सोनिया के पास डर नाम की चीज नहीं है। नरेंद्र मोदी देश-विदेश के कई दौरे किए, लेकिन वो मणिपुर नहीं गए। मैं जानना चाहता हूं कि जब हमारे नेता राहुल मणिपुर जा सकते हैं तो नरेंद्र मोदी क्यों नहीं जा सकते? मुझे पता है कि मोदी मणिपुर जाने से डरते हैं। डरे हुए आदमी कभी देश नहीं चला सकते।

**भाजपा का केवल एक काम है कि चंदा दो और ठेका लो**

खड़गे ने कहा कि हम घर-घर जाएंगे। लोगों से मिलकर भाजपा की तरफ से किए जा रहे गलत कामों के बारे में बताएंगे। भाजपा का केवल एक काम है कि चंदा दो और ठेका लो। भाजपा पार्टी में करप्ट लोग हैं, लेकिन वो हमें बदनाम कर रहे हैं।

### कांग्रेस की 5 योजनाएं

**महालक्ष्मी गारंटीः** इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

**आधी आबादी-पूरा हकः** इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।

**शक्ति का सम्मानः** इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।

**अधिकार मैत्रीः** इसके तहत हर पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार मैत्री के रूप में एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी।

**सावित्री बाई फुले हॉस्टलः** सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक हॉस्टल बनाएंगे।

### कांग्रेस के न्यायपत्र की बड़ी बातें...

- **कांग्रेस** राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10% आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी।
- कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50% का कैप हटाएगी। कांग्रेस अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरेगी।
- वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान महज 200-500 रुपए प्रति महीने है। कांग्रेस पेंशन की इस राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 1,000 रुपए प्रति माह करेगी।
- कांग्रेस 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित करेगी। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उच्च पदों जैसे, न्यायाधीशों, सरकार के सचिवों, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों, कानून अधिकारियों और बोर्ड के निदेशकों पर अधिक महिलाओं की नियुक्ति हो।
- कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी।
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा।
- कांग्रेस आपको भय से मुक्ति का वादा करती है।
- कांग्रेस मीडिया की पूर्ण स्वतंत्रता सहित भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाल करने का वादा करती हैं।
- कांग्रेस मानहानि के जुर्म को अपराधमुक्त करने और कानून द्वारा, नागरिक क्षति के माध्यम से त्वरित उपाय प्रदान करने का वादा करती हैं।
- कांग्रेस इंटरनेट के मनमाने और अंधाधुंध निलंबन को समाप्त करने का वादा करती है।

### घोषणापत्र में महिलाओं को 1 लाख सालाना और 30 लाख नौकरियों की बात

**कांग्रेस** के न्याय पत्र में कहा गया है कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो खाली पड़े 30 लाख पदों की भर्ती की जाएगी। गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना दिया जाएगा। जाति जनगणना होगी, एमएसपी पर कानून बनेगा। घोषणापत्र में मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी बात कही गई है।

**14 मार्च को राहुल ने पांच गारंटियों का ऐलान किया थाः** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पिछले महीने ही महाराष्ट्र में समाप्त हुई थी। इस दौरान 14 मार्च को राहुल ने अपने अकाउंट पर 5 गारंटियां दीं थी।

# भोजशाला में जारी रहेगा एएसआई सर्वे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/धारः** धार के भोजशाला में एएसआई का सर्वे अभी जारी रहेगा। सर्वे के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिका कमाल मौला मस्जिद के मुतवल्ली (कार्यवाहक) काजी मोइनुद्दीन द्वारा दायर की गई थी।

**हाईकोर्ट जाने के लिए कहाः** दरअसल, इंदौर हाई कोर्ट द्वारा एएसआई को भोजशाला के सर्वे के लिए दिए गए अंतरिम आदेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की गई थी। वहीं, याचिकाकर्ता हाई कोर्ट में पक्षकार नहीं थे, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने के लिए कहा है।

**रोक लगाने से पहले ही किया जा चुका इनकारः** गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भोजशाला के एएसआई सर्वे कराने पर रोक लगाने से इनकार कर चुका है।

# नया भारत घर में घुसकर मारता हैः मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चूरूः** प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को प्रदेश के दौरे पर रहे। पीएम ने चूरू में जनसभा को संबोधित किया। 19 अप्रैल को प्रदेश में पहले चरण का मतदान होना है। उससे पहले पीएम ने शुक्रवार को दूसरी बार प्रदेश का दौरा किया। यहां पीएम ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर करारा हमला बोला।

**हताशा-निराश मोदी के पास भी नहीं भटक सकतीः** आज पूरा देश विकसित भारत के लिए काम कर रहा है और इसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। बीते 10 साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं, उन्होंने दुनिया में विकसित भारत की नींव तैयार कर दी है। दुनिया ये देखकर हैरान है। हम जो ठान लेते हैं वह पूरा कर-के दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते देखा है।

### 'राम मंदिर पर कांग्रेस ने निकाली एडवाइजरी'

**कांग्रेस** को एडवाइजरी निकालनी पड़ गई कि राम मंदिर पर कुछ नहीं बोलना देश भव्य राम मंदिर का जश्न मना रहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। देश ने कांग्रेस के पापों की हमेशा कीमत चुकाई है। मुझे अभी पत्रकार बता रहे थे कि कांग्रेस पार्टी ने एक एडवाइजरी निकाली है कि अयोध्या राम मंदिर की चर्चा निकल पड़े तो मुंह पर ताला लगा देना, कुछ बोलना ही मत। बोलना पड़ गया तो पता नहीं कब राम-राम हो जाए।

याद करिए, 10 साल पहले देश कितनी खस्ता हालत में था। कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटालों और लूट के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी। भारत की साख गिरती जा रही थी।

# 'पाक में घुसकर एक-एक आतंकी का सफाया कर रहा भारत'

## ब्रिटिश अखबार ने दावा किया कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का इसके पीछे हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पाकिस्तान को भारत अब हर मुद्दे पर मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक हो या अंतरराष्ट्रीय मंच, पाक को बेबाक तरीके से जवाब दिया जा रहा है। वहीं, पड़ोसी मुल्क में भारत के दुश्मनों का भी खात्मा हो रहा है। इसको लेकर अब ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने बड़ा दावा किया है और कहा कि इसके पीछे भारत का ही हाथ है।

**ब्रिटिश अखबार का दावा, पीएम मोदी दे रहे ऑर्डरः** ब्रिटिश अखबार ने दावा किया कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का इसके पीछे हाथ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय पीएम मोदी ही इसके ऑर्डर दे रहे हैं, क्योंकि रॉ का कंट्रोल उन्ही के पास होता है। दावा ये भी किया गया कि सरकार उन दुश्मनों का विदेशों में खात्मा कर रही है, जो भारत के लिए खतरा है।



**दावा**

**मार्च 2022 में कराची में गोलीबारी को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया था**

**भारत सरकार ने किया इनकारः** ब्रिटिश मीडिया के दावों को भारत सरकार ने खारिज किया है। सरकार ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि भारत कभी लक्षित हताएं नहीं करता है।

**पुलवामा का लिया जा रहा बदलाः** रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2019 में पुलवामा हमले के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक साहसी दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में ये ऑपरेशन चलाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 के बाद से पाकिस्तान में लगभग 20 हत्याएं हुई हैं, जिन्हें अज्ञात बंदूकधारियों ने अंजाम दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 में कराची में गोलीबारी को अंजाम देने के लिए अफगान नागरिकों को कथित तौर पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया था।

# सीबीएसई ने बदला 11वीं और 12वीं क्लास का एग्जाम फॉर्मेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सीबीएसई के 11वीं और 12वीं कक्षा की एग्जाम में पूछे जाने वाले प्रश्नों के फॉर्मेट में बदलाव किए जाएंगे। बोर्ड के मुताबिक, छात्रों से वास्तविक जीवन स्थितियों से जुड़े प्रश्नों को शामिल किया जाएगा। बोर्ड के मुताबिक, एग्जाम में अब कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्नों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बोर्ड ने जानकारी दी है कि परीक्षाओं में एमसीक्यू, वास्तविक जीवन से जुड़े प्रशन, केस स्टडी जैसे सवालों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# पाक पर अभी भरोसा नहीं करेगा भारतः विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** पाकिस्तान के विदेश मंत्री ईशाक डार ने भारत के साथ कारोबारी रिश्तों को बेहतर करने की वकालत कर तो दी लेकिन स्वयं उनके विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने उनकी बातों को खारिज कर दिया। ऐसे में भारत की तरफ से इस पड़ोसी देश के साथ रिश्तों को सुधारने के लिए अपनी तरफ से किसी तरह की पहल किये जाने की संभावना बिल्कुल भी नहीं है। विदेश मंत्रालय ने भी इस बात के पूरे संकेत दे दिए।

**विरोधाभासी हैं पाकिस्तान के बयानः रणधीर जायसवाल**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि पाकिस्तान से जो बयान आ रहे हैं वह विरोधाभासी हैं। एक दिन पहले भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में जिस तरह से आतंकवाद को समर्थन देने को लेकर जिस तरह से पाकिस्तान पर हमला बोला है वह भी ऐसा ही संकेत देता है।

# रिजर्व बैंक विकास को लेकर आश्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा, 'हाथी बाहर टहलने गया है और लगता है कि जंगल में लौट जाएगा।' हाथी से उनका आशय खुदरा महंगाई से था। आरबीआई गवर्नर यह कहना चाहते थे कि महंगाई नियंत्रण में है और जल्दी ही वह निर्धारित सीमा में आ जाएगी। शक्तिकांत दास वित्त वर्ष 2024-25 में मौद्रिक समीक्षा समिति की पहली बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब थे। आरबीआई ने लगातार सातवीं समीक्षा में रेपो रेट को 6.5% पर बरकरार रखा है।



आरबीआई जिस ब्याज पर बैंकों को कर्ज देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। इकोनॉमी के तमाम सेक्टर इस उम्मीद में हैं कि महंगाई कम हो तो रिजर्व बैंक रेपो रेट घटाएगा। इससे आम लोगों और इंडस्ट्री के लिए कर्ज भी सस्ता होगा। लांग टर्म में खुदरा महंगाई के लिए केंद्रीय बैंक का लक्ष्य 4% का है, समय-समय पर यह 2% कम या ज्यादा हो सकता है। लेकिन 2020 में कोरोना महामारी आने के पहले से यह 4% से ऊपर बनी हुई है। सामान्य मानसून की उम्मीद में आरबीआई ने 2024-25 के लिए 4.5% खुदरा महंगाई के अनुमान में तो कोई बदलाव नहीं किया।

**समीक्षा बैठक**

**आरबीआई गवर्नर कहना चाहते थे कि महंगाई नियंत्रण में है और जल्दी ही वह निर्धारित सीमा में आ जाएगी**

**चुनावी सरगर्मी**

## हमारे पास पैसे का नहीं, जनता, ईमानदारी, नैतिकता और हौंसले का बल

# बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे, अपने विधायकों को बिकने से बचाएं जयराम : मुख्यमंत्री

**राजन पुरी**

**कुटलैहड़।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के छह बागियों पर सीधा हमला बोला। समूर कलां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे। 25 विधायकों वाले जयराम ठाकुर सरकार बनाने की बात कर रहे हैं, वह अपने विधायकों को बिकने से बचाएं। वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं, उन्हें बचाकर रखना। कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार पूरे 5 साल चलेगी। हमारे पास पैसे का नहीं, ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौसले का बल है। कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं, इसका हमारे पास सुबूत है। पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। होटलों का बिल किसना दिया, किसके पैसे से हेलीकॉप्टरों में घूमे, यह सब अब सामने आ रहा है। यह सब जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे ।ठाकुर सुखविंदर सिंह ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि ये दलाल राजनीति में नहीं चाहिए। इन्हें वोट की चोट कर सबक सिखाएं, इनकी जमानत जब्त करा दें। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो उनके पास सिर्फ प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के टेंडर के लिए अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता को फोन कराने के लिए आते थे, उन्होंने जनता की समस्याओं को कभी नहीं उठाया। वह जनता से जुड़े कामों को उन्हें पीए के पास दे जाते थे, मुझसे कभी इन्हीं कहा कि लोगों के काम कर दो, मैं खुद उनके दिए कागज पडकर जनता के काम करता रहा।



**साधा निशाना**

**15-15 करोड़ रुपये में बिका एक-एक बागी विधायक, हमारे पास सुबूत : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह**

अब लड़ाई सत्य और झूठ की है। झूठ बार-बार सत्य से टकराएगा, भुट्टो बार-बार आकर झूठ बोलेगा। उसे सबक सिखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने कुटलैहड़ से चुनावी शंखनाद किया है, हर पंचायत-हर व्यक्ति तक जाकर अपनी आवाज पहुंचाऊंगा।

**पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को सबक सिखाएं भाजपाई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं, कार्यकताओं से उनका आग्रह है, पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को सबक सिखाएं। इन्होंने कांग्रेस से विधायक बनकर भ्रष्टाचार किया, अब भाजपा में जाकर भी भ्रष्टाचार ही करेंगे। ऐसे व्यक्ति कभी आपकी सेवा नहीं करेंगे, यह लूट-खसूट ही करेंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जब वोट के दम पर सत्ता प्राप्त नहीं कर सकेए तो नोट के दम पर कुर्सी हथियाने की कोशिश की।

# बिहारः महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** बीते कुछ महीनों से चल रही अनिश्चितता के बीच अंततः राष्ट्रीय जनता दल ने निषाद आरक्षण का मुद्दा उठाने वाली विकासशील इंसान पार्टी को तीन सीटें देने का फैसला कर लिया। वीआईपी को गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर सीटें दी गई हैं। शुक्रवार को राजद कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सहनी को दी जाने वाली सीटों का एलान किया।

**विस चुनावों में भी जारी रहेगा गठबंधनः** शुक्रवार को राजद कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की मौजूदगी में वीआईपी को दी जाने वाली सीटों की घोषणा की। तेजस्वी ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए हुआ हमारा यह गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी जारी रहेगा। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा यह सरकार देश मे संविधान खत्म कर तानाशाही लाना चाहती है।

# फिर आंदोलन की राह पकड़ेंगे केजरीवाल ?

## आम आदमी पार्टी के इन गारंटियों को सुनीता केजरीवाल के माध्यम से अरविंद केजरीवाल के संदेशों को जनता तक पहुंचाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शराब घोटाले में फंसी आम आदमी पार्टी एक बार फिर आंदोलन की राह पकड़ेगी। अरविंद केजरीवाल को एक आइकॉन बनाकर वह जनता में लोगों के बीच जाएगी और उनके नाम पर जनता से समर्थन मांगेगी। इस अभियान की शुरूआत सात अप्रैल से उपवास और धरने से होगी। इसके बाद दिल्ली के हर लोकसभा, विधानसभा से लेकर मंडल स्तर तक कार्यक्रम बनाए जाएंगे। संजय सिंह को शराब घोटाले में जमानत मिलने के बाद पार्टी नेताओं को इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि अब इसी मामले में फंसे उनके अन्य नेताओं को भी जल्द ही राहत मिल जाएगी। इससे उसके अभियान को नई मजबूती मिल सकती है, लेकिन जब तक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं मिलती है, तब तक उनके नाम जेल से आ रहे संदेशों के जरिए उनके प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की जाएगी।





### संजय सिंह होंगे चुनाव प्रचार के प्रमुख चेहरे

**आप** राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को फंसाने के लिए कुछ व्यापारियों पर अनैतिक दबाव डाले गए हैं। आम आदमी पार्टी इस आक्रमण को और ज्यादा मजबूत करने के लिए इस मुद्दे को आगे ले जाने की तैयारी कर रही है। वह निचले स्तर तक इस बात को पहुंचाने के लिए संजय सिंह को आगे रखकर लोकसभा चुनावों में हमलावर रहने की कोशिश करेगी। पार्टी का मानना है कि इससे उसकी जमीनी स्थिति मजबूत हो सकेगी।

**भाजपा ने दिया जवाब**

वहीं, भाजपा ने आम आदमी पार्टी नेताओं की बयानबाजी को अपना अपराध छुपाने की कोशिश बताया है। पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली की जनता शराब घोटाले का पूरा सच जानती है, इसलिए केवल संजय सिंह के आरोप लगा देने से सच नहीं छुप सकता। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में किस तरह सैकड़ों करोड़ रुपये की उगाही की गई और इसका आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान कैसे उपयोग किया,

इसकी पूरी मनी ट्रेल मिल चुकी है। ऐसे में संजय सिंह या आम आदमी पार्टी के नेताओं के बयानों से कोई असर नहीं पड़ने वाला। यह जांच एजेंसी और अदालत का मामला है। उन्हें पूरा विश्वास है कि जल्द ही शराब घोटाले का पूरा सच सामने आएगा और अपराधियों को सजा मिलेगी।

**जेल से जारी रहेगा पत्राचार:** आम आदमी पार्टी सूत्रों के अनुसार, जब तक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं मिलती है, तब तक ये दोनों नेता पत्र लिखकर जनता से संपर्क में रहने की कोशिश करेंगे। पार्टी उनके पत्रों को विभिन्न मंचों पर उल्लेख कर

**जनता के बीच**

> 8 दोनों नेता जल्द हीजनता के नाम पत्र भी जारी कर सकते हैं, जिसमें उनके संघर्ष को जारी रखने की बात होगी

उनके मुद्दों को जीवित रखने की कोशिश करेगी। दोनों नेता जल्द ही दिल्ली की जनता के नाम पत्र भी जारी कर सकते हैं, जिसमें उनके संघर्ष को जारी रखने और दिल्ली वालों के लिए उनकी योजनाओं को जारी रखने की बात कही जाएगी। पार्टी के मुख्य नीतिकर्ता के रूप में पार्टी लोकसभा चुनावों में नई घोषणाओं के साथ उतर सकती है। आम आदमी पार्टी के इन गारंटियों को सुनीता केजरीवाल के माध्यम से अरविंद केजरीवाल के संदेशों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। इसकी शुरूआत दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई 31 मार्च की विपक्ष की रैली में की जा चुकी है।

# सिसोदिया ने जेल से लिखी अपने समर्थकों को चिट्ठी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जो जेल में बंद हैं अपने विधान सभा के क्षेत्रवासियों को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने लोगों से कहा है कि वह जल्द ही बाहर मिलेंगे और लोगों का धन्यवाद दिया है कि उन्होंने उनकी पत्नी का भी खयाल रखा। सिसोदिया ने लिखा है, जल्दी ही बाहर मिलेंगे... शिक्षा क्रांति जिंदाबाद, । पिछले एक साल में मुझे सबकी याद आई। सबने बहुत ईमानदारी से मिलकर काम किया। जैसे आजादी के समय सबने लड़ाई लड़ी वैसे ही हम अच्छी शिक्षा और स्कूल के लिए लड़ रहे हैं। अंग्रेजों की तानाशाही के बाद भी आजादी का सपना सच हुआ। वैसे ही एक

**आभार**

> 8 वह जल्द ही बाहर मिलेंगे और लोगों का धन्यवाद दिया है कि उन्होंने उनकी पत्नी का भी खयाल रखा

दिन हर बच्चे को सही और अच्छी शिक्षा मिलेगी। अंग्रेजों को भी अपनी सत्ता का बहुत घमंड था। अंग्रेज भी झूठे आरोप लगाकर लोगों को जेल में बंद करते थे। अंग्रेजों ने कई सालों तक गांधी को जेल में रखा। अंग्रेजों ने नेल्सन मंडेला को भी जेल में डाला। ये लोग मेरी प्रेरणा है और आप सब मेरी ताकत।

# केजरीवाल को वकीलों से कितनी बार मिलने की परमिशन?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात का समय हफ्ते में 2 बार से बढ़ाकर 5 बार करने का अनुरोध किया था। बता दें कि जेल मैनुअल के हिसाब से हफ्ते में उन्हें अभी दो बार वकीलों से मुलाकात की अनुमति है।

**याचिका फैसला सुरक्षित:** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित



रख लिया। अब कोर्ट 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाएगा। इससे पहले दिल्ली की अदालत ने अरविंद केजरीवाल को जेल में इलेक्ट्रिक केतली, मेज, कुर्सी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

**24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में सीएम:** बता दें कि सीएम अरविंद केजरीवाल 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनको 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में तिहाड़ के एक बैरक में रखा गया है।

**सुनवाई**

> 8 तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया

# दिल्ली सरकार का उपराज्यपाल पर गंभीर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया है। दिल्ली सरकार का आरोप है कि षड्यंत्र के तहत सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी बनाई जा रही है। ऐसे में अफसरों पर कार्रवाई उपराज्यपाल ही कर सकते हैं। इससे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पत्र लिखकर सरकार पर निशाना साधा था, जिस पर दिल्ली सरकार ने पलटवार किया है।



दिल्ली सरकार ने कहा कि उपराज्यपाल के पत्र से यह प्रतीत होता है कि वे उन अफसरों पर कार्रवाई नहीं करना चाहते, बल्कि वे दिल्ली में दवा की कमी के लिए जिम्मेदार अफसरों की तरफदारी कर रहे हैं। वह गरीबों की दवाई और इलाज पर राजनीति कर रहे हैं।

# डीजीबी के अनुबंध में ली गई रिश्वत का पैसा आप को चुनावी फंड में गया: ईडी

**आरोपित**

> 8 ईडी ने पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश, ठेकेदार अग्रवाल, तेजिंदर पाल सिंह समेत अन्य लोगों को आरोपित बनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली जल बोर्ड घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में अदालत ने ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। ईडी ने आरोपपत्र में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट तेजिंदर पाल सिंह समेत अन्य लोगों को आरोपित बनाया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश भूपिंदर सिंह के समक्ष कार्यवाही के दौरान, डीजेबी के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को जेल अधिकारियों द्वारा अदालत के समक्ष पेश किया गया। वहीं, अदालत द्वारा जारी किए गए समन के अनुपालन में आरोपित तेजिंदर सिंह भी अदालत के सामने पेश हुए। चौथे आरोपित एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डीके मित्तल ने एक दिन के लिए व्यक्तिगत पेशी से छूट की मांग करते हुए आवेदन दायर किया था। अदालत ने ईडी को आरोपितों को आरोपपत्र की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने दस्तावेजों की जांच के लिए मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को तय की है।

**चुनावी फंड के रूप में गया पैसा:** ईडी ने अरोड़ा और अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। वहीं, तजिंदर पाल सिंह, देवेंद्र कुमार मित्तल और मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ बिना गिरफ्तारी के आरोप पत्र दायर किया गया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि डीजेबी द्वारा जारी एक अनुबंध में भ्रष्टाचार से उत्पन्न रिश्वत का पैसा आम आदमी पार्टी (आप) को चुनावी फंड के रूप में पारित किया गया था।




### 'जाली दस्तावेज जमा करके बोली हासिल की'

**कोर्ट** ने कहा कि अदालत की राय में आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत में उल्लिखित आरोपों पर आगे बढ़ने के लिए रिकार्ड पर पर्याप्त सामग्री है। ईडी के मुताबिक जांच में पता चला कि मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने जाली दस्तावेज जमा करके बोली हासिल की। जगदीश कुमार अरोड़ा भी इस बात से अवगत हैं कि कंपनी निविदा की मंजूरी के लिए तकनीकी मानदंडों को पूरा नहीं करती है।

**रिश्वत की रकम आप को भी दी गई:** ईडी के एक बयान में आरोप लगाया गया है कि एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को ठेका देने के बाद अरोड़ा ने नकद और बैंक खातों में रिश्वत ली और यह पैसा डीजेबी मामलों का प्रबंधन करने वाले विभिन्न लोगों को दिया, जिनमें आप से जुड़े लोग भी शामिल थे। रिश्वत की रकम चुनावी फंड के तौर पर आप को भी दी गई।

# पार्टी को एकजुट करने के लिए बेहतर हैं सुनीता केजरीवाल: सौरभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी में हो रही उथल-पुथल के बीच मंत्री सौरभ भारद्वाज का एक बड़ा बयान सामने आया है। सीएम अरविंद कजरीवाल की गिरफ्तार के बाद से पार्टी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल की भूमिका बढ़ती नजर आ रही है। इसी को लेकर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुनीता केजरीवाल पार्टी को एकजुट करने के लिए बेहतर हैं।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल मौजूदा परिस्थितियों में पार्टी को एकजुट रखने के लिए सबसे बेहतर हैं। उनकी मौजूदगी कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ताओं पर

**भूमिका**

> 8 सीएम की गिरफ्तार के बाद से पार्टी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल की भूमिका बढ़ती नजर आ रही है



सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सौरभ भारद्वाज ने पीटीआई के साथ इंटरव्यू में कहा कि सुनीता केजरीवाल ने हमेश कहा है कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री की मैसेंजर हैं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि किसी पार्टी की राजनीति सिर्फ उसके घोषणापत्र के इर्द-गिर्द नहीं घूमती है, बल्कि समर्थन आधार पर कार्यकर्ताओं व शीर्ष नेतृत्व के बीच भावनात्मक संबंध भी किसी संगठन को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गौरतलब है कि ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाल में गिरफ्तार है। अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज गया है।

ऐसे में भाजपा ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने जानबूझकर आतिशी मालेर्ना और सौरभ भारद्वाज का नाम शराब घोटाले में लिया है। पार्टी के अनुसार, यह सुनीता केजरीवाल का राजनीतिक रास्ता साफ करने की कोशिश है। वहीं, इसके बाद सौरभ भारद्वाज ने बयान दिया है।

# खोलनी थी पाठशाला, लेकिन आप ने खोलना शुरू कर दिया मधुशाला: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब घोटाला मामले को लेकर सियासी घमासान जारी है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने में लगे हैं। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मेरा मानना है कि अरविंद केजरीवाल इस पूरे शराब घोटाले के किंगपिंग हैं। केस चल रहा है और कोर्ट ने भी उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से मना किया। यह कानूनी प्रक्रिया है और जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वो बच नहीं सकता। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के साथ दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, 'दिल्ली में खोलनी थी पाठशाला, लेकिन तुमने खोलना शुरू कर दिया मधुशाला। ऐसा लगता है कि भाजपा को दिल्ली के शराब घोटाले पर श्वेत पत्र लाना होगा और मुझे विश्वास है कि हम सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट करने के लिए ऐसा करेंगे। सबसे पहले, उन्होंने दिल्ली को लूटा और फिर सरकारी फंड से शराब नीति का मामला लड़ने के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए उन्हें 100 करोड़ रुपये और चाहिए।'

"मनोज तिवारी का एक गाना है जिसमें दिखाया गया है कि वे एक शराब की बोतल सिर पर रखकर एक लड़की के पीछे घूम रहे हैं, नशे में झूम रहे हैं। मेरा मानना है कि ऐसा नहीं है सिर्फ एक सांसद को ही नहीं एक आम व्यक्ति को ऐसे गाने नहीं करने चाहिए।

**किंगपिंग**

> 8 मनोज तिवारी ने कहा कि मेरा मानना है कि अरविंद केजरीवाल इस पूरे शराब घोटाले के किंगपिंग हैं

# पत्नी और चार साल की बेटी की हथियार से हत्या कर खुदकुशी कर की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां निहाल विहार इलाके में एक हलवाई ने अपनी पत्नी और चार साल की बेटी की धारदार हथियार से हत्या कर खुदकुशी कर ली। मृतकों की पहचान अजय (42) उसकी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) के रूप में हुई है। बेटा कुशल इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। बेटा काम के सिलसिले में बाहर गया था और सुबह लौटने पर उसने शव देखे। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने आशंका जताई है कि अजय ने पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद पंखे से लटककर जान दी है।

# सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल सरकार को बड़ी राहत

## दिल्ली जल बोर्ड मामले में प्रधान सचिव को जारी किए ये आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आप सरकार की उस याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को नोटिस जारी किया है जिसमें पीने योग्य पानी की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार निकाय को धन जारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को धनराशि जारी करने के लिए कहा है। पीठ ने कहा कि वह जल उपयोगिता से बकाया धनराशि के बारे में जानना चाहती है।



**याचिका पर अगली सुनवाई 10 अप्रैल को:** सुप्रीम कोर्ट ने अब दिल्ली सरकार की याचिका पर आगे की सुनवाई 10 अप्रैल को तय की है। 1 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने प्रधान सचिव (वित्त) को उस याचिका पर नोटिस जारी किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे हैं। दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था, "मेरे अधिकारी मेरी बात नहीं सुनते हैं। उन्होंने कहा था कि डीजेबी को 1,927 करोड़ रुपये अभी भी जारी नहीं किए गए हैं।"

**सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को दिया था आश्वासन:** बता दें, केजरीवाल सरकार ने नौकरशाही और दिल्ली में सत्तारूढ़ आप सरकार से जुड़े ताजा विवाद के मुद्दे पर 20 मार्च को शीर्ष अदालत का रुख किया था। सीजेआई ने आप सरकार को आश्वासन दिया था कि वह 31 मार्च को समय सीमा समाप्त होने के बाद भी डीजेबी के लिए निर्धारित धनराशि जारी करने का आदेश दे सकते हैं।

# बीजेपी ने किया शराब घोटाला, कई बड़े नेता शामिल: संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने दावा किया है कि दिल्ली शराब घोटाला भाजपा ने किया है। इस घोटाले में भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं। उन्होंने ये भी दावा किया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी साजिश के तहत हुई है। संजय सिंह ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में दाव किया है कि दिल्ली शराब घोटाले में जिन लोगों को आरोपियों के रूप में पकड़ा गया था, उन्होंने जब तक केजरीवाल का नाम नहीं लिया, ईडी ने उनके बयान को भरोसे लायक नहीं माना लेकिन जैसे ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल का नाम ले लिया उस बयान को



मान लिया गया। उन लोगों के बयानों के आधार पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। केजरीवाल ने सरकार बन चुके आरोपियों का नाम अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लिया। पहला नाम संजय सिंह ने मगुंता रेड्डी का लिया और दूसरा नाम शरत रेड्डी का लिया।

**दसवें बयान में आया केजरीवाल का नाम:** सांसद संजय सिंह ने दावा किया, भाजपा नेता मगुंटा रेड्डी और उसके बेटे राघव मगुंटा इसमें शामिल हैं। इन्होंने दबाव में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दिया। इनके नौ बयानों में कहीं कुछ नहीं था जबकि दसवें बयान में अरविंद केजरीवाल का नाम आ जाता है। 16 जुलाई को इन्होंने बयान दिया और 18 जुलाई को उसकी जमानत हो गई। इनकी फोटो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है और इसी फोटो के साथ वह टीडीपी से सांसद का चुनाव लड़ रहा है। संजय सिंह ने आगे कहा, इनके बाद नाम आता है शरत रेड्डी का। इनके 12 बयान लिए गए। शुरूआती बयानों में यह कहते रहे कि केजरीवाल को नहीं जानते। छह महीने जेल में रहा तो टूट गया।

**शरत रेड्डी को कहा घोटालेबाज और ले लिए 55 करोड़ रुपये:** केजरीवाल के खिलाफ बयान दे दिया। उनकी जमानत भी हो गई। भाजपा शरत रेड्डी को शराब का घोटालेबाज कहती है। लेकिन उसी ने 55 करोड़ रुपए भाजपा को दिया। 21 मार्च को जब साबित हो गया कि शराब घोटाला भाजपा ने किया है। रात को केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। आखिरी में संजय सिंह ने कहा, केजरीवाल एकदम बेदाग है। उन्हें उनके अच्छे कामों की सजा दी जा रही है।भाजपा का नारा है जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी, उतना बड़ा पदाधिकारी।

**दावा**

> 8 दिल्ली शराब घोटाला भाजपा ने किया है। इस घोटाले में भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं

# एक किलो ड्रग्स के साथ तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पुलिस ने ड्रग्स की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को डाबड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने करीब एक किलो ड्रग्स बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में पांच करोड़ कीमत है। आरोपियों की पहचान मिजोरम निवासी लालमुआंकिमी, लालडिनमाविया व लालेंगमावी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ पर आरोपी लालडिनमाविया ने खुलासा किया कि जब्त की गई ड्रग्स म्यांमार से लाई गई थी और चाय के पैकेट में मिजोरम के रास्ते दिल्ली आती थी। द्वारका जिला के पुलिस उपायुक्त




अंकित सिंह ने बताया कि 22 मार्च को उनकी टीम को एक गुप्त सूचना मिली। जिसमें बताया गया कि लालमुआंकिमी और लालडिनमाविया मेथमफेटामाइन ड्रग्स की सप्लाई करने डाबड़ी स्थिति फल मंड में दोपहर एक से दो बजे के बीच आएंगी। जांच के बाद निरीक्षक सुभाष चंद और राम अवतार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। दोपहर करीब 12:40 बजे टीम फ्रूट मंडी, मेन रोड में डाबड़ी पहुंची। इसी बीच एक महिला और एक व्यक्ति स्कूटी पर फ्रूट मंडी में डाबड़ी फ्लाईओवर की तरफ से आए और पुलिस बूथ के पास स्कूटी रोककर किसी का इंतजार करने लगे। मुखबिर की निशानदेही पर स्टाफ द्वारा दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया।

**सफलता**

> 8 आरोपियों की पहचान मिजोरम निवासी लालमुआंकिमी, लालडिनमाविया व लालेंगमावी के रूप में हुई

# पीएम मोदी ने दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने का किया काम: नायब सिंह

टीम एक्शन इंडिया

**फतेहाबाद:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव प्रचार का शंखनाद कर दिया है। रतिया अनाज मण्डी में उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के लिए वोटों की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने का काम किया है। पीएम मोदी ने जनता से जो भी वायदे किए, उन सभी वायदों को पूरा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरे है। आज किसानों के खाते में सीधे 6 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं।



हर गरीब परिवार को गैस सिलैण्डर देने का काम किया गया है। हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर लागू किया गया है। सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों की आयु दोगुनी और खर्च करने के लिए काम किया गया है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी योजनाओं को प्रदेश सरकार ने लोगों तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को आवास बना कर दिए गए। भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में एक भी परिवार ऐसा ना हो, जिसके सिर पर छत ना हो।

**वोट की अपील**

**8 सिरसा लोकसभा से सीएम ने चुनाव प्रचार का किया आगाज, रतिया में विशाल जनसभा को किया संबोधित**

उन्होंने कहा कि पहले किसी को गम्भीर बीमारी हो जाती तो वो इलाज नहीं करवा पाते थे। उनकी चिंता को भी इस डबल इंजन सरकार ने समझा, पीएम मोदी ने आयुष्मान और तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने चिरायु योजना लागू कर गरीबों को मुफ्त उपचार की सौगात दी। सीएम ने कहा कि आज 25 करोड़.लोगों को गरीब रेखा से ऊपर उठाने का काम मोदी सरकार ने किया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज किसान को चिंता नहीं। यदि फसल खराब होती है तो उनके खाते में मुआवजा आता है। मुझे बताया गया कि 2021 का मुआवजा टेक्निकल कारणों के कारण नहीं आया तो वो भी जल्द डलवाया जाएगा। किसानों की पैदावार को ज्यादा दाम पर सरकार खरीद रही है, योजनाओं के तहत सब्सिडी दी जा रही है, जिससे किसान मजबूत हो रहा है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भारत को 10 सालों में पीएम मोदी ने देश और पूर्व सीएम मनोहर लाल ने प्रदेश को बदल कर रख दिया।

# भाजपा सरकार में शहरों की तर्ज पर हो रहा गांवों का विकास: गुर्जर

### भाजपा प्रत्याशी का गांव भूपानी में ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

टीम एक्शन इंडिया

फरीदाबाद: भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोलबाला है। प्रधानमंत्री ने जो कार्य पिछले दस वर्षों के दौरान किए है, अब पूर्व की कांग्रेस सरकार ने 70 सालों के दौरान कभी नहीं किए। आज हर वर्ग उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुका है। गुर्जर अपने चुनावी अभियान के तहत शुक्रवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भूपानी में आयोजित सभा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। जनसंपर्क अभियान के तहत जगह-जगह गांवों में लोगों ने फूल मालाओं से, ढोल-नगाड़ों की थाप पर पगड़ी बांधकर कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया और उन्हें



विश्वास दिलाया कि इस बार लोकसभा क्षेत्र में उनकी जीत दस लाख से ज्यादा वोटों से होगी। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने दस वर्षो में देश व प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है, फरीदाबाद जिला भी पिछले दस वर्षो में विकास की राह पर अग्रसर हुआ है, शहर और या गांव विकास का पहिया चहुंओर बराबर चला है। लोगों को मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में योजनाबद्ध तरीके से शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास किया जा रहा है, पिछले 10 सालों में फरीदाबाद की जनता को बिजली, पक्की सडक, सिवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लॉकिंग टाइलों से बनाई गई गलियां सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात मिली हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पेयजल संकट से गुस्साई महिलाओं ने बुस्टिंग स्टेशन को ताला जड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** पिछले काफी समय से गांव में चल रही पेयजल किल्लत व संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्यान न दिए जाने के विरोध में बरवाला क्षेत्र के सुलखनी गांव में महिलाओं ने जलघर को ताला जड़ दिया। महिलाओं ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उन पर लापरवाही का आरोप लगाया। गांव के बुस्टिंग स्टेशन पर शुक्रवार को ताला जड़कर विरोध जता रही महिलाओं ने बताया कि पिछले ढाई महीने से उनके मोहल्ले में पेयजल की सप्लाई नहीं की जा रही है। जो पानी आ भी रहा है, वह बेहद ही दूषित है, जिस कारण गांव में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि सरपंच भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा और उन्हें बोला कि कहीं भी शिकायत कर लो, जो करना है करो मुझे नहीं पता। गांव की महिलाओं ने तालाबंदी के बाद बताया कि गांव के सरपंच को भी इस बारे में हमने बताया था लेकिन सरपंच उल्टा जवाब दे रहे हैं। महिलाओं का आरोप है कि पेयजल संकट उत्पन्न होने से वह दूर-दराज से पानी ढोने पर विवश है। महिलाओं ने यह भी बताया कि गर्मी के इस मौसम में वह काम करें या पानी को ढोये। जल घर में पहुंची महिलाओं ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि पेयजल की तंगी बारे दो महीने से विभाग के एसडीओ व सरपंच को बता दिया गया था हमारी कोई नहीं सुन रहा है। गांव के रोशन लाल चित्रा ने बताया कि उन्होंने 11 मार्च को जल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को शिकायत देकर गांव की समस्या से अवगत कराया था लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। इस संबंध में पेयजल आपूर्ति विभाग की कनिष्ठ अभियंता राजकुमार मित्तल ने कहा कि महिलाओं की समस्या उनके ध्यान में आ चुकी है। उन्होंने कहा की समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

### कार से भारी मात्रा में नशा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**फतेहाबाद:** सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक कार से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने कार सवार युवक को काबू कर लिया जबकि पूछताछ के आधार पर नशा सप्लायर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा शुक्रवार को जारी जानकारी के अनुसार सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई रामअवतार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव बड़ोपल से कुम्हारिया रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान टीम को गांव बड़ोपल की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। शक के आधार पर पुलिस ने जब कार चालक को रूकने का इशारा किया तो कार चालक घबरा गया और कार को वापस मोडने की कोशिश करने लगा। पूछताछ पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम अनूप कुमार निवासी ढाणी बड़ोपल बताया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें रखे 5 प्लास्टिक कट्टों में से 60 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना सदर फतेहाबाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। प्राथमिक पूछताछ में पकड़े गए युवक ने बताया कि वह यह डोडा पोस्त हिसार के गांव मूलापुर निवासी शेर सिंह से खरीद कर लाया है। इस पर पुलिस ने शेर सिंह के खिलाफ भी केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### एसडीएम से अनुमति के बगैर नहीं चलेगा चुनाव में लाउड स्पीकर


टीम एक्शन इंडिया

**फतेहाबाद:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनाव कार्यालय खोलने के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत करवाते हुए कहा है कि कोई भी राजनीतिक पार्टी या उसका उम्मीदवार चुनाव प्रचार कार्यालय लोकसभा चुनाव के लिए निर्धारित किये गये किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में नहीं खोल सकता है। शुक्रवार को जारी जानकारी में उन्होंने कहा कि अस्थाई चुनाव कार्यालय खोलने के लिए सार्वजनिक एवं निजी जमीन का प्रयोग कब्जे के रूप में ना किया जाए और किसी भी धार्मिक स्थल परिसर में कार्यालय नहीं खोला जाये। उन्होंने बताया कि कोई भी चुनाव कार्यालय किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप भी नहीं खोला जा सकता। सभी राजनीतिक पार्टियों के अस्थाई चुनाव कार्यालयों में संबंधित पार्टी का चुनाव चिह्न और फोटोग्राफ वाला केवल एक झंडा और बैनर लगाया जा सकता है।

# कांग्रेस के न्याय पत्र में हर वर्ग का रखा ख्याल: अरोड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने कांग्रेस के न्याय घोषणा पत्र को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि आज देश के सभी वर्ग भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों से परेशान हैं। कांग्रेस ने अपनी घोषणा पत्र में उन्हें मुद्दों को शामिल किया है, जिनकी वजह से लोग परेशान हैं। अशोक अरोड़ा शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन कभी भी कर्ज माफी और एमएसपी गारंटी कानून को लेकर कभी भी सहमति नहीं दिखाई, जिसके चलते किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



ने अपने घोषणा पत्र में ना केवल कर्ज माफी का वादा किया है, बल्कि किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर एमएसपी की गारंटी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के चलते आज युवा विदेश में मजदूरी करने को विवश हैं और सेना की अग्निपथ योजना शुरू कर भाजपा ने युवाओं के आत्म-सम्मान के साथ मजाक किया है। देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निपथ योजना को वापस लेकर युवाओं के सम्मान को फिर से बहाल किया जाएगा। इस दौरान अरोड़ा ने कहा कि परीक्षा लीक होने से भी युवाओं को काफी नुकसान होता है। कांग्रेस ने वादा किया है भर्ती संबंधित सभी मामलों के लिए विशेष फास्ट्रेक कोर्ट बनाई जाएगी। कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने भारतीय जनता पार्टी के उन सवालों पर भी पलटवार किया, जिसमें कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर सवाल उठाए जाते हैं। अरोड़ा ने कहा कि भाजपा को सवाल उठने से पहले अपने अंदर झांकना चाहिए।

**ऐतिहासिक**

**8 भाजपा के लिए जो पहले थे कोयला चोर, अब बने कोहिनूर: कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा**

# जिला स्तर पर खिलाड़ी बने चुनाव आइकॉन, मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पहली बार जिला स्तर पर चुनाव आइकॉन का चयन किया गया है। इसके लिए विभिन्न खेलों में विशेष योगदान देने वालों को जिला स्तर पर चुनाव आइकॉन बनाया गया है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होना है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के बनाये गए चुनाव आइकॉन फिल्म अभिनेता राजकुमार राव की

**आइकॉन**

**8 विभिन्न खेलों में विशेष योगदान देने वालों को जिला स्तर पर चुनाव आइकॉन बनाया गया है**

तर्ज पर अपने-अपने जिलों में आइकॉन बनाने का आग्रह किया था, जिसे आज अंतिम रूप दे दिया गया। अनुराग अग्रवाल ने एक में बैठक कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक रहा था। परंतु इस बार इसे 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।उन्होंने बताया कि एशियाई गेम्स 2023 में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक विजेता पलक को झज्जर जिले का चुनाव आइकॉन बनाया गया है। इसी तरह 19वें एशियाई गेम्स में निशानेबाजी में रजत पदक विजेता आदर्श सिंह को फरीदाबाद जिले का, 19वें सीनियर पैरा पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली सुमन देवी व भोपाल में हुई नेशनल स्कूल गेम्स में राज्य की टीम की खिलाडी याशिका को पानीपत जिले के लिए चुनाव आइकॉन नामित किया गया है।

### मिट्टी की ढांग ढहने से दो महिलाओं की मौत, छह घायल

टीम एक्शन इंडिया

**यमुनानगर:** जिले में खंड सढौरा के गांव रतौली में शुक्रवार सुबह मिट्टी की खुदाई के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी धंसने से एक ही परिवार के आठ सदस्य मलबे में दब गए। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह घायलों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिन्हें ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ईद की तैयारियों के लिए आज सुबह एक परिवार की पांच महिलाएं, एक पुरुष और दो बच्चे घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी लेने गए थे।

# दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा प्रदूषण, प्लास्टिक एक मुख्य कारण: नरसी



टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्व में प्रदूषण की समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। प्लास्टिक इसका एक मुख्य कारण है, क्योंकि यह एक ऐसा पदार्थ होता है जिसे नष्ट होने में काफी समय लगता है।

वे शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विश्वविद्यालय में आयोजित प्लास्टिक मुक्त अभियान जागरूकता रैली को झंडी दिखाने के अवसर पर संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कह कि प्रदूषण के कारण पानी से लेकर हवा और भूमि सभी प्रदूषित होते हैं। हमें प्लास्टिक री-साइकलिंग के बारे में गंभीरता से सोचना होगा और व्यक्तिगत रूप से भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना पड़ेगा, तभी हमारी पृथ्वी सुरक्षित रहेगी। इस दिशा में और अधिक गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निजी तौर पर प्लास्टिक का निषेध करना होगा तभी समाज और देश को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है। इस रैली के दौरान 100 के लगभग स्वयंसेवकों ने भाग लिया और प्लास्टिक मुक्त अभियान के लिए शपथ भी दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस रैली के दौरान सभी कार्यकारी अधिकारी डॉ. विनीता, डॉ. विकास, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. कल्पना, डॉ. विक्रमजीत, डॉ. ललित, डॉ. नरेंद्र कुमार, दलबीर, नरेश उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार व एनसीसी कोर्डिनेटर प्रो. राजीव कुमार उपस्थित रहे।

**जागरूक किया**

**8 प्लास्टिक इसका एक मुख्य कारण है, क्योंकि यह ऐसा पदार्थ होता है जिसे नष्ट होने में काफी समय लगता है**

# सोशल मीडिया पर ऐड के नाम पर लाखों की ठगी

टीम एक्शन इंडिया

फरीदाबादः सोशल मीडिया पर पान मसाले शॉपिंग के लिए विज्ञापन कर ठगी करने वाले दो आरोपियों को साइबर थाना बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में आशीष और धर्मेंद्र का नाम शामिल है। दोनों आरोपी उज्जैन रोड देवास जिला मध्यप्रदेश के रहने वाले है। दोनों आरोपियों को साइबर पुलिस टीम पीएसआई पवन,एएसआई प्रमोद, मुख्य सिपाही होपेन्द्र, सिपाही हरिश व सचिन ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना व तकनीकी माध्यम से देवास जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के द्वारा फरीदाबाद के सेक्टर-9 के रहने वाले एक व्योपारी के साथ 1,10,000 रुपये का फ्रॉड किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों के द्वारा फेसबुक पर पान मशाला, सिगरेट व अन्य धूम्रपान की वस्तु के संबंध में ऐड की थी। जिससे शिकायतकर्ता ने आरोपियों से फेसबुक के माध्यम से संपर्क किया। आरोपियों के द्वारा बताया गया कि उनके पास काफी स्टॉक पडा है, जिसको वह कम पैसे में बेचना चहाता है।

# फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 6321 सर्विस मतदाता, ईटीपीबी से होगा मतदान

टीम एक्शन इंडिया

फरीदाबादः फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में 6321 सर्विस मतदाता हैं, इनमें जिला फरीदाबाद में 1888 और पलवल जिला में 4433 मतदाता हैं। निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सर्विस मतदाताओं का इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर पोस्टल बेल्ट/ ईटीपीबी से मतदान किया जाएगा। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव ड्यूटी वाले अधिकारी और कर्मचारी फार्म नम्बर12क के जरिए मतदान अपने अपने लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को भेजना होगा। दरअसल बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मुख्य तौर पर सेना या फिर अर्धसैनिक बलों के जवानों लिए ये टर्म यूज किया जाता है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार लगभग सभी सुरक्षाबलों के लिए सर्विस वोटिंग का ही इस्तेमाल होता है। इसके अलावा जिन सरकारी कर्मचारियों की वोटिंग के दौरान किसी और जगह ड्यूटी होती है, वो भी सर्विस वोटर होते हैं। इनमें सरकार के अलग-अलग विभागों के लोग शामिल होते हैं, जो पोस्टल वोटिंग के जरिए वोट डालते हैं। अब सवाल है कि अगर सर्विस वोटर पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंच सकते हैं। तो वो वोटिंग में कैसे हिस्सा लेते हैं। दरअसल ऐसे वोटर्स के लिए एक मेल भेजा जाता है, जिसे फॉर्म-2, 2ए और फॉर्म 3 कहा जाता है। इसका प्रिंट आउट निकालकर इसमें टिक मार्क करना होता है। यानी जिस उम्मीदवार या पार्टी को वोट करना है उसके आगे टिक करना होता है। इसके बाद इसे एक लिफाफे में बंद कर अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव अधिकारी को भेज दिया जाता है। ईवीएम में मौजूद वोटों की काउंटिंग के बाद इन वोटों की गिनती होती है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार फॉर्म की अगर बात करें तो तीनों सेनाओं के जवानों के लिए फॉर्म-2 होता है। इसके अलावा पुलिस फोर्स और बाकी फोर्सेस के लिए फॉर्म-2ए होता है। सरकारी कर्मचारी जो देश से बाहर हैं, उनके लिए फॉर्म-3 होता है, जिसे भरकर वो अपने निर्वाचन क्षेत्र में भेजते हैं और अपना मत दान कर सकते है।

# दिव्यांग व नेत्रहीन मतदाता भी करेंगे मतदान, प्रशासन देगा सुविधाएं

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबादः** आगामी लोकसभा चुनाव में नेत्रहीन मतदाता भी अपने वोट का प्रयोग कर सकेंगे, जिसको लेकर प्रशासन उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। लोक सभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ई वी एम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही, उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगा। नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और अशक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैं, वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता जो स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने में समर्थ हैं, उन मतदाताओं के साथ आने वाले सहयोगी दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कक्ष तक ले जा सकते हैं, परंतु सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं जा सकते हैं।

# हत्यारोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी, धरने की सूचना पर फूले पुलिस के हाथ-पांव

### रात को धरने की सूचना पर फूले पुलिस के हाथ-पांव, आश्वासन देकर किया शांत

टीम एक्शन इंडिया

हिसारः हांसी सदर क्षेत्र के गांव भाटला में कुछ दिन पहले एक युवक की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के रोषस्वरूप मृतक के परिजनों ने गुरुवार देर रात हांसी में लघु सचिवालय के समक्ष धरना लगा दिया। पुलिस द्वारा परिजनों को सुरक्षा मुहैया व पीसीआर तैनात किए जाने की मांग माने जाने पर परिजन शांत हुए और धरना समाप्त किया। इस मामले में कई घंटे तक हंगामा होता रहा।

बताया जा रहा है कि भाटला के युवक की मौत मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने व परिजनों को



धमकियां दिए जाने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों ने हांसी में धरना लगा दिया। अचानक रात को लगाए धरने की सूचना पाकर पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और वे आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। सदर थाना प्रभारी मनदीप चहल अपनी टीम के साथ परिजनों से मिलने पहुंचे और हत्यारोपियों को जल्द गिरपतारी किए जाने का आश्वासन दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को अपनी जान का खतरा बताकर सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो वे फिर से धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पुलिस ने गांव में परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने पर पीसीआर तैनात किए जाने के बारे कहने पर परिजन माने और अपने गांव की ओर लौट गए। मामले के अनुसार 23 मार्च को गांव भाटला निवासी 20 वर्षीय सचिन का शव सुबह अपने गांव के प्लाट में पेड़ पर लटका हुआ मिला था। परिजनों का आरोप है कि प्रेम-प्रसंग के चलते लड़की के परिजनों ने सचिन की हत्या की है। मृतक के ताऊ राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 मार्च को गांव की ही एक लड़की को चिट्ठी देने को लेकर विवाद हुआ था। इस पर लडकी के परिजनों ने उनके भतीजे की पिटाई कर दी। उनको नहीं पता था कि सचिन ने कोई चिट्ठी दी है या नहीं।

**विवाद**

**8 परिजनों ने उनके भतीजे की पिटाई कर दी। उनको नहीं पता था कि सचिन ने कोई चिट्ठी दी है या नहीं**

## न्यूज फ्लैश

### सम्मान करना रणदीप सिंह सुरजेवाला की पहचान: मधुसूदन बवेजा

**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : किसान कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला एक सुलझा हुआ नेता तो है ही सुलझा हुआ व्यक्ति भी है। इसके साथ-साथ एक मृदुशाली संस्कारी नेता है। बवेजा ने कहा कि जो व्यक्ति इतनी बड़ी पार्टी की जीमेवारी निभाता हो वो कभी भी मयार्दा की सीमा पार नहीं कर सकता। बवेजा ने कि रणदीप के बयान के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर दिखाया जा रहा है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हेमामालिनी तो हरियाणा की बहू है। बवेजा ने कहा कि भाजपा उल्टे-पुलटे लांछन लगा कर उनकी गरिमा को चोट पहुंचाना चाहती है। भाजपा के बड़े-बड़े नेता भी सुरजेवाला का लोहा मानते है। रणदीप सुरजेवाला की छवि को नुकसान पहुंचाने की नियत से घिनौने हथकंडे अपना रहे है। ये सब भाजपा की हार की बौखलाहट है। रणदीप सिंह सुरजेवाला आने वाला हरियाणा का मुख्यमंत्री है और सम्मान करना रणदीप सिंह सुरजेवाला की पहचान है। मधुसूदन बवेजा ने कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी न्याय पत्र पर कहा कि 'न्याय पत्र' भारत के शक्तिशाली भविष्य के निर्माण का एक स्पष्ट रोडमैप है। गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचितों के लिए संवेदनशील और प्रगतिशील गारंटियों और योजनाओं का एक संग्रह है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी व मनोहर लाल रिकॉर्ड मतों से करेंगे जीत हासिल: योगेंद्र राणा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। केंद्र व प्रदेश सरकार** की जन कल्याण की योजनाओं की बदौलत हरियाणा में भाजपा को दस की दस सीटों पर जीत हासिल होगी और करनाल विधानसभा उप चुनाव में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एंव करनाल लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र मे नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा में पूर्व की मनोहर सरकार ने प्रदेश के विकास को नई उंचाई दी है। मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार की पारदर्शी नीतियों को लेकर लोगों में उत्साह है और आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी पहले से अधिक सीटें केंद्र और राज्य में जीतकर भाजपा की सरकारें बनेंगी। उन्होंने कहा कि मोदी मनोहर सरकार की नीतियों से समाज के हर वर्ग को बराबर लाभ मिला है। पहले की सरकारों ने भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद के लिए काम किया, जो जनता को लूटती भी थी और कूटती भी थी। मगर मनोहर सरकार ने प्रदेशवासियों को अपने परिवार का हिस्सा मानकर काम किया है। योगेंद्र राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अपने शासनकाल मे प्रदेश के पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, छोटा व्यापारी आदि। जिनकी सालाना आय बहुत कम है, उनके कल्याण के लिए विशेष योजनाएं चलाई हैं। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस ने हमेशा गरीबी हटाओ का नारा दिया। कभी चार सूत्रीय तो कभी 20 सूत्रीय कार्यक्रम चलाए। असल में वे लोग गरीबों के साथ 420 का खेल खेलते रहे।

**नौकरियों में पारदर्शिता की ओर बढ़े कदम**

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा को केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें होने का पूरा फायदा मिला है। विकास के डबल इंजन वाली मनोहर सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और मेरिट पर युवाओं का चयन रहा है। पुरानी सरकारों के दौर मे ऐसा समय भी था, जब नौकरी माफिया को लाखों रुपये की भेंट चढ़ाए बगैर किसी युवा को सरकारी नौकरी मिलना नामुमकिन था।

# मोदी सरकार ने किसान हित में अभूतपूर्व कार्य किए: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ : सिरसा** संसदीय क्षेत्र के रतिया में शुक्रवार को विजय संकल्प रैली से बीजेपी ने अपने चुनाव प्रचार का शंखनाद कर दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विजय संकल्प रैली में पार्टी प्रत्याशी डा. अशोक तंवर को अपना आशीर्वाद देकर लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे में आहूति डालने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का कायाकल्प किया है और वे देश को दुनिया में नंबर वन देश बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनकी सोच है कि हर घर के ऊपर छत हो और हर पेट को रोटी हो, इसके लिए लगातार हमारी सरकार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री आज रतिया में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में विशाल



जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अनाजमंडी में उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर को ऊजार्वान व कर्मठ नेता की संज्ञा देते हुए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का एक-एक करके ब्यौरा दिया। विजय संकल्प रैली में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, सिरसा की सांसद रही सुनीता दुग्गल, हरियाणा सरकार में मंत्री डा. कमल गुप्ता, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के चेयरमैन आदित्य देवीलाल, लोकसभा प्रभारी वेद फूलां, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा व सुरेंद्र आर्य आदि नेताओं ने भी अपना संबोधन रखा। सीएम नायब सैनी ने कहा कि हम देखते थे हमारी माताएं बहनें सिर पर मटका लेकर पानी के लिए दूर-दूर जाती थीं, लेकिन बीजेपी की सरकार आने पर उनके लिए घर तक शुद्ध पानी की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए अलग से मंत्रालय की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गरीब व्यक्ति के इलाज के लिए प्रधानमंत्री ने ऐसी व्यवस्था की कि आज इलाज के अभाव में किसी व्यक्ति की जान नहीं जाती। आयुष्मान कार्ड और चिरायु कार्ड जैसी योजनाएं प्रदेश की जनता को दी गई। कांग्रेस के लोग चुनाव के समय गरीबी हटाने की बात करते थे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में देश से गरीबी हटाने का काम किया है। प्रधानमंत्री की पहल के कारण ही देश के 50 करोड़ लोगों ने बैंकों में खाता खुलवाया जिनका कभी बैंक में खाता नहीं था। जन-जन खाता योजना के साथ लोगों को जोड़ा। श्री सैनी ने कहा कि गैस सिलेंडर के लिए लोगों की लाइनें लगती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर गैस का कनेक्शन पहुंचाया और यह भी व्यवस्था की कि हमारी माता-बहन की आंखें धुएं से खराब न हो, इसके लिए उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए दी। देश के साढ़े 12 करोड़ किसानों के खाते में हर साल पैसा देने की व्यवस्था अगर किसी ने की है, तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार ने की है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के हितों के लिए काम करने वाली सरकार है। सीएम सैनी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि वे कांग्रेस के 55 साल का शासन और मोदी सरकार के 10 सालों के शासन का मूल्यांकन करेंगे तो पाएंगे कि मोदी के 10 साल 55 साल पर भारी है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के हितों की कभी चिंता नहीं की। कांग्रेस का काम सिर्फ भ्रामक स्थिति पैदा करना रह गया है। यूपीए की सरकार में डीएपी और यूरिया को लेकर मारा मारी रहती थी। महंगे दामों पर भी किसानों को यूरिया नहीं मिलती थी।

सीएम ने का कि मोदी की सोच है कि किसानों की आय बढ़े और लागत कम आए , इसलिए इन दस सालों में मोदी सरकार ने खाद के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस दुष्प्रचार करके किसानों में भ्रम फैलाना चाहती है। कांग्रेस किसानों को एमएसपी बंद करने का भय दिखाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 सालों में किसानों को समृद्ध और मजबूत करने का काम किया है। भावांतर भरपाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों का सम्मान किया है।

## विद्यालय समालखा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**गीता वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय समालखा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम और आयोजन उपप्राचार्य रमेश वत्स ने किया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से विशेष नामांकन अभियान की शुरूआत करते हुए कक्षा प्री नर्सरी से ग्यारहवीं तक की कक्षाओं में आए छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में प्राध्यापिका मनिषा ने तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जागड़ा ने कहा कि बिना बुनियाद के इमारत नहीं बन सकती, बिना बीज के वृक्ष की कल्पना नहीं की जा सकती। हमें यदि अपने पुरुषार्थ की इमारत खड़ी करनी है, अपनी सफलता का वृक्षारोपण करना है। तो बुनियाद ढूंढनी होगी, बीज ढूंढना होगा। यह विद्यालय बच्चों की बुनियाद व संस्कार सहित शिक्षा देने के लिए हर समय कार्य करता रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापक रवीन्द्र रंगा ने बच्चों को बताया कि विद्यार्थियों को अपना नियमित अध्ययन करने के बाद जो समय बचा सके वह समय अपने देश व धर्म के इतिहास को जानने मे लगाना चाहिए।

## बर्बाद हुई फसलों का किया निरीक्षण

**खरखौदा : शुक्रवार को** रोहतक कमिश्नर संजीव वर्मा खरखौदा में ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई उन फसलों का मौका निरीक्षण करने पहुँचे जहाँ फसलों में नुकसान 75 से 100 फीसदी दशार्या गया था। इन क्षेत्रों की गिरदावरी की जा चुकी थी इसी गिरदावरी के बाद रोहतक कमिश्नर जाँच करने पहुँचे थे। इस मौके पर उन्होंने खरखौदा के गाँव सिसाना, आनंदपुर व झरोठ व झरोठी गाँव के खेतों का मुआयना किया। खरखौदा में करीब 35 हजार एकड़ जमीन फसलों में ओलावृष्टि से नुकसान हुआ था। यह निरीक्षण इसलिए किया गया है कि गिरदावरी में जो नुकसान दशार्या गया है । उसकी मौके पर पहुँचकर जांच की जा सके। इस मौके पर खरखौदा एसडीएम श्वेता सुहाग, खरखौदा तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार मुकुल, गिरदावर, पटवारी सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी जीवन में राजयोग की प्रैक्टिस करने से हमारा मन शक्तिशाली बनेगा : प्रो ई.वी.गिरिश

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गवर्नमेंट गर्ल्स** कॉलेज पलवल में ब्रह्माकुमारीज सेक्टर-8 केन्द्र द्वारा मास्टर माइंड विषय पर कार्यक्रम किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय से जुड़े अंतरराष्ट्रीय वक्ता प्रोफेसर ई.वी. गिरीश मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को अपने मन की मालिक कैसे बने, विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अक्सर हम कहते हैं कि मेरा मन मेरी बात नहीं मानता और कोई भी स्थिति आने पर हम अपने मन को नकारात्मक विचार देते हैं। जब मन को नकारात्मक विचार देते हैं, तो मन के अंदर डर, चिंता जैसी भावना पैदा होती है। यह हमारी मन की शक्ति को कमजोर कर देती



है। हमारे मन के अंदर अथाह शक्ति होने के कारण हम जो जीवन में पाना चाहते हैं, वह प्राप्त नहीं कर पाते। उन्होंने बताया यदि हम अपने इस विद्यार्थी जीवन में राजयोग मेडिटेशन की प्रेक्टिस करें, तो हमारा मन शक्तिशाली बन सकता है। आप अपने मन को जो भी सकारात्मक विचार देंगे, आपका मन उसी दिशा में काम करेगा। इस दौरान ब्रह्माकुमारी मधु बहन ने सभी विद्यार्थियों को राजयोग का अभ्यास कराया और सभी ने गहन शांति की अनुभूति की। इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्य गगनदीप कौर ने ब्रह्माकुमारीज का इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया।

## 'अपने अनुभव एवं भावनाओं को एक साथ व्यक्त करने का मिला अवसर'

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के कन्या** महाविद्यालय शुक्रवार को वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में एक कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ नमिता और डॉ अनीता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की संवाद व संचार कला में सुधार करना और उनकी इस कला को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में सबसे पहले प्राचार्य ने कॉमर्स विभाग की इस प्रयास के लिए सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कॉमर्स विभाग के लिए एकदम नया और विषय से हटकर है इससे छात्राओं को अपने जीवन अनुभव भावनाओं के साथ व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर मिला है



उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घटित होती है जिससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस कार्यक्रम में कुल 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा अपने अनुभव बताए। विभाग की इन छात्राओं ने अपने माता-पिता दादा दादी आदि पारिवारिक सदस्यों के जीवन के उन पहलुओं पर बात की जिससे वह बहुत प्रेरित हुई और

**अवसर**

**8 विषय से हटकर है इससे छात्राओं को अपने जीवन अनुभव भावनाओं के साथ व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर मिला**

जीवन में आगे बढ़ाने तथा किसी भी परिस्थिति में विवेकपूर्ण निर्णय करने संयम और धैर्य के साथ-साथ दूसरों के प्रति प्रेम पूर्वक एवं समर्पण भाव रखने की शिक्षा उन्हें मिली हो कई छात्राएं तो अपनी माँ के जीवन संघर्ष से इतने प्रभावित हुई कि वह उनके विषय में बोलते बोलते बहुत भावुक हो गई 'किसी ने अपने पिता के अनुशासनात्मक और परिवार के प्रति जिम्मेदारी को भी बड़ी सुंदरता से व्यक्त किया कार्यक्रम में सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में काजल अपराजिता प्राची बुलबुल रीना अंजलि प्रीति बबली निर्मला आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा प्रथम स्थान बुलबुल द्वितीय स्थान किरण और रितिक तथा तृतीय स्थान निर्मल और अंजू ने प्राप्त किया निर्णायक मंडल की भूमिका में अंग्रेजी विभाग से डॉ सीमांत और डॉ सारिका रही। इस कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग से डॉ प्रमिला, पूनम, सविता आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्मोही अखाड़े की तरफ से किया गया मंदिर का जिर्णोद्धार



**खरखौदा: गाँव खांडा** में निमोर्ही अखाड़े की तरफ से मंदिर का जिर्णोद्धार किया गया है। जिसमें रामलला की मूर्ति की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के बाद करवाई जाएगी। जिसकी जानकारी निर्मोही अखाड़े के सदस्य व भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी डा. राज सिंह ने दी। उनका कहना है कि अखिल भारतीय श्री पंच रामानंदीय निमोर्ही अखाड़े की ओर से खांडा गाँव में उनकी जो साढ़े छह एकड़ जमीन है। जिसमें एक भव्य मंदिर का जिर्णोद्धार किया गया है। आगामी नवरात्रों में भव्य कार्यक्रम के साथ यहां पर रामलला की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान 12 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। जिसके बाद देश के विभिन्न राज्यों से संत-महात्मा खांडा में आकर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का हिस्सा बनेंगे और मंत्रोउच्चारण करेंगे। उन्होंने बताया कि खांडा में बंदा बाहदूर जी की और से यौद्धाओं के लिए सेंटर बनाया गया था। जहाँ पर पहले से मंदिर था। लेकिन अब इसका निमोर्ही अखाड़े द्वारा जिणोद्धार किया गया है। मंदिर को अब एक भव्य रूप देने के साथ ही आकर्षण का केंद्र भी बना दिया गया है। ऐसे में अब नवरात्रों के दौरान यहाँ पर रामलला की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। जिसके तहत ही 12 अप्रैल से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 अप्रैल के बाद से इस मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

## प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित व दुरूस्तीकरण शिविर रहा कामयाब : अशोक कुमार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम की** ओर से शुक्रवार को शहर के सैक्टर-7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में नागरिकों की सुविधा के लिए लगाया गया प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित शिविर सफल रहा। शिविर में कुल 50 लोग आए।

सभी व्यक्तियों की प्रॉपर्टी आई.डी. में आ रही त्रुटियों को मौके पर ही दुरूस्त किया गया तथा साथ ही आई.डी. को स्व-प्रमाणित भी किया गया। उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि आज



के शिविर में जो लोग आए थे, वह सभी संतुष्ट होकर गए हैं। इस दौरान उनकी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित किया गया। इसके अतिरिक्त अगर किसी की आई.डी. में प्लॉट एरिया को लेकर कॉरेक्शन की जरूरत थी, तो किसी का नाम, पता, सम्पर्क नम्बर व प्रॉपर्टी लिंक कॉरैक्शन किया जाना था, जो ठीक कर दिए गए।

## छावनी में सूटकेस से मिला 13 साल के किशोर का शव

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला छावनी** में एक किशोर की डेडबॉडी सूटकेस में मिली है। यह किशोर 3 दिन से लापता था। इसके पिता ने पुलिस को गुमशुदगी की शिकायत पड़ाव थाने में दर्ज कराई थी। आज लड़के की लाश सूटकेस में भरी पाई गई। लड़के की लाश दूधला मंडी इलाके में में एक एक सूटकेस सूट में मिली। यह सूटकेस वहां खड़ी एक होंडा सिटी गाड़ी से बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद



पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी जांच में जुटी गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह किशोर बीते बुधवार को घर से लापता हुआ था । उसकी उम्र 13 साल है। किशोर की पहचान गौरव पुत्र देवी सहाय निवासी हिम्मतपुरा के रूप में हुई है। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया है कि यह गाड़ी आज सुबह 9 बजे के करीब दूधला मंडी में खड़ी पाई गई। गाड़ी से बदबू आ रही थी। जब इसे खोलकर देखा तो के इसकी डिग्गी में एक सूटकेस मिला। इस सूटकेस से भयंकर बदबू हां आ रही थी। जब इसे खोलकर देखा तो मामला संगीन था। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पड़ाव थाना प्रभारी दिलीप कुमार, रजत -गुलिया समेत फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने गाड़ी से एक डायरी, अलग- अलग बैंक की पासबुक, पानी की बोतल, कांच का गिलास, चश्मा समेत अन्य संदिग्ध सामान कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार गौरव के पिता देवी सहाय रेलवे में नौकरी करते हैं उन्होंने गुरुवार को पुलिस को शिकायत दी थी कि गौरव 3 अप्रल को शाम 4:30 बजे घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुआ था। उसका कहीं सुराग न लगने पर पड़ाव थाना पुलिस को शिकायत दी थी।

## चिराग योजना को सरकार ने प्राइवेट स्कूलों के रहमो-करम पर छोड़ा


**नये शैक्षणिक सत्र से चिराग योजना में चौथी कक्षा से शुरू होगा दाखिला: डीईओ**

**समालखा ( कुलदीप सिंह ): हरियाणा सरकार द्वारा** अंत्योदय परिवारों के बच्चों को मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा देने के लिए शुरू की गई चिराग योजना समालखा ब्लाक में दम तौड रही है हालात यह है कि खंड समालखा में मात्र एक प्राइवेट स्कूल गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ही आगे आया है। चिराग योजना को लेकर जब खंड शिक्षा अधिकारी नीलम कुंडू से जानकारी मांगी गई तो उनका जबाब बड़ा ही चौंकाने वाला रहा। उन्होंने साफ कहा कि इस योजना से हमारा कोई लेना देना नहीं है इसका सीधा संबंध सहमति प्राप्त स्कूल व बच्चों से है। इस बारे में जब हमने जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया बात की तो उनके द्वारा जो जानकारी उपलब्ध कराई गई है उससे तो पता चलता है कि पूरे प्रदेश में ही चिराग योजना का दिवाला पिट रहा है। पहले इस योजना में कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं में दाखिला लिया जाता था लेकिन नये शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के चिराग योजना में कक्षा चौथी से प्रवेश आरम्भ किए गए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने वाली यह महत्वपूर्ण योजना पूरी तरह से प्राइवेट स्कूलों की दया दृष्टि पर निर्भर करती है। मौलिक शिक्षा निदेशालय की वैबसाइट पर जितने निजी स्कूलों ने स्वैच्छिक सहमति प्रदान की हुई है वह उंट के मुंह में जीरा के समान है। प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार देने वाली धारा 134 ए को असरहीन करके चिराग योजना लागू की गई है जिसके अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय उनके परिवार पहचान पत्र के अनुसार 1.80 लाख रुपए या इससे कम है उनको मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। लेकिन मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा चिराग योजना में दाखिला के लिए जो शर्तें लगाई गई है उसमें गरीब परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का षडयंत्र नजर आ रहा है। चौथी से कक्षा बारहवीं तक किसी भी कक्षा में दाखिला लेना है तो उससे पहली कक्षा सरकारी स्कूल में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा चिराग योजना में उसी स्कूल में दाखिला होगा जिस प्राइवेट स्कूल ने सरकार को अपनी सहमति दी हुई है। ओर प्राइवेट स्कूल सरकार की इस महत्वपूर्ण चिराग योजना को लेकर कितनी रूचि दिखा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार पूरे प्रदेश में सिर्फ 490 प्राइवेट स्कूलों ने इस योजना को लेकर सहमति प्रदान की गई है। अगर जिला वार बात करें तो अंबाला में 24 स्कूल, भिवानी में 51,चरखी दादरी में 18, फरीदाबाद में 3, फतेहाबाद में 28, गुरूग्राम में 8,हिसार में 39, झज्जर 16,जीन्द 37, कैथल में 27, करनाल में 25, कुरूक्षेत्र में 32, महेन्द्रगढ़ में 6, नूंह मेवात में 12, पलवल में 12, पंचकुला में 6, पानीपत में 26, रेवाड़ी में 9, रोहतक में 8, सिरसा में 41, सोनीपत में 31 ओर यमुनानगर में कुल 10 स्कूलों की सहमति आई है। इस तरह सबसे ज्यादा भिवानी जिले में कुल 51 स्कूल जबकि सबसे कम फरीदाबाद जिले में सिर्फ 3 स्कूल चिराग योजना में दाखिला देने को राजी हुए हैं।

## सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू : धीरज कुमार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** द्वारा शहर की सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकडने का अभियान समय-समय पर चलाता जाता है। इसी कड़ी में एक बार फिर अभियान शुरू किया गया है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जोन नम्बर 1 से आवारा पशुओं को पकडने का अभियान सफाई निरीक्षक एवं जोन इंचार्ज ऊषा रानी के नेतृत्व में शुरू किया गया। इसके तहत अशोक विहार तथा सैक्टर 4 व 5 के अलग-अलग हिस्सों से 5 नंदी व 1 गाय



को पकडकर फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला भेजा गया है। +-उन्होंने बताया कि सडकों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए समय-समय पर ऐसे पशुओं को पकडने का अभियान चलाया जाता है।

## संपादकीय

# विपक्ष के लिये सबक

**एक तरफ** तो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं। हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफ हो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं। अब तो यह भी साफ हो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं

यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह 'ऑपरेशन लोटस' के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है। अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है (यह निर्णय भी उसने काफी देर से लिया) तथा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया के सभी दलों ने एक विशाल रैली भी की थी- तो भी यह उन दलों व नेताओं के मंथन का मुफीद अवसर है जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते देश व लोकतंत्र पर छाये उस बड़े खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं जो एक बहुत बड़े रूप में सबके समक्ष है।

पिछले 10 वर्षों में, खासकर भाजपा के 2019 से जारी दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस प्रकार से सरकार निरंकुश बनी है, उसमें प्रमुख हमला विपक्ष पर हो रहा है।

# बंद हो किसी भी भारतवासी को 'बाहरी' उम्मीदवार बताना

आर.के. सिन्हा

> 1973 में, लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे। अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे

**आगामी** लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने और चुनाव प्रचार का काम प्रतिदिन गति पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करते जा रहे हैं। संयोग से अभी तक किसी प्रत्याशी पर "बाहरी" उम्मीदवार होने का आरोप अभी तक नहीं लगा है। हालांकि, हमारे यहां किसी को भी बिना किसी कारण के बाहरी उम्मीदवार बता दिया जाता है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें "बाहरी" बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था। उन्हें भी कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार कहा था। यह आरोप उस कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे जिस पार्टी ने देश के 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से मलयाली सज्जन सी.कृष्ण नायर को अपना उम्मीदवार बनाया था। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। सी.कृष्ण नायर की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव में भी जीते थे। जिस कांग्रेस ने नायर साहब को टिकट दिया था उसी ने 1957 के लोकसभा चुनाव में अंबाला में जन्मी बांग्ला परिवार से संबंध रखने वाली सुचेता कृपलानी को नई दिल्ली सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सुचेता जी आगे चलकर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं। सच में अपने ही देश में कोई बाहरी उम्मीदवार कैसे हो सकता है। सारा भारत हम सबका है। यहाँ हरेक भारतवासी नागरिक को कहीं भी रहने या कहीं से भी चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है। तब किसी को बाहरी कहना हर लिहाज से निंदनीय है। सुचेता जी के पति और प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी आचार्य कृपलानी बिहार के भागलपुर और सीतामढ़ी से सांसद रहे। यानी एक सिंधी बिहार से सांसद बना।

अब जार्ज फर्नांडीज को लें। जार्ज साहब भले ही दक्षिण भारत से आते थे, पर बिहार उन्हें अपना मानता था



और वे बिहार को अपना मानते थे। बिहार ने उन्हें तहेदिल से आदर भी दिया। उन्होंने भी बिहार को पूरी तरह अपना लिया था। वे भोजपुरी भाषा और मैथली भाषा भी मजेकी बोल लिया करते थे। जॉर्ज साहब को बिहार की जनता ने कई बार लोकसभा में भेजा। वह मुंबई से भी लोकसभा का चुनाव जीते। बिखरे बाल, बिना प्रेस किया हुआ खादी का कुर्ता-पायजामा, मामूली सी चप्पल पहनने वाले जार्ज साहब जैसा मजदूर नेता, प्रखर वक्ता, उसूलों की राजनीति करने वाले इंसान अब फिर से देश शायद ही देखेगा। वे चिर बागी थे। उनका कोई चुनावी जातीय समीकरण भी नहीं था। उनका कोई संगठित काडर भी नहीं था, फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय हैसियत के नेता थे। इससे पूर्व भी 1962 और 1967 में बिहार ने मराठी मधु लिमये को लोकसभा में बार-बार भेजा। वह जब संसद में होते थे, तो सत्तापक्ष को डर सताता रहता था कि कब उनपर तीखे सवालों की बौछार हो जाएगी। बिहार की राजनीति की बात मधु लिमये के ज़िक्र के बिना पूरी नहीं हो सकती। वह मूल रूप से पुणे के थे। एक मराठी व्यक्ति का बिहार से चार बार चुनाव जीतना अपने आप में अनोखा है। राज्यसभा में ऐसे कई दूसरे नेता हुए हैं, लेकिन लोकसभा में ऐसे उदाहरण कम ही देखे गए हैं। लिमये का बचपन महाराष्ट्र में बीता, उनकी पूरी पढ़ाई भी वहीं से हुई, वो महाराष्ट्र की राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने जब राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा तो चुनाव लड़ने के लिए बिहार ही चुना। पहली बार वो 1962 में मुंगेर से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। 1964 में, सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी का विलय हुआ और यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी बनी थी। मधु लिमये पहली बार यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर लोकसभा गए थे। 1967 के चुनावों में, लिमये ने यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर मुंगेर से जीत हासिल की।

1973 में, लिमये ने बिहार के बांका से चुनाव जीता। किसी को अपने ही देश में बाहरी कह कर अपमानित करना सही नहीं है। कानपुर से एस.एम.बैनर्जी लंबे समय तक सांसद बनते रहे। वह बांग्लाभाषी थे और बंगाल से कानपुर में आकर बसे थे। वह मजदूर नेता थे। अजीब विडंबना है कि हमारे यहां कुछ तंग दिल लोग जिसको चाहते हैं बाहरी बता देते हैं। यह स्थिति तब है जब हम भारतीय करीब एक-डेढ़ दर्जन देशों में सांसद से लेकर प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति तक बन गए। इनमें मलेशिया, मारीशस, त्रिनिडाड, ग्याना, केन्या, फीजी, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा वगैरह देश शामिल हैं। कैरिबियाई देश ग्याना में 1960 के दशक में भारतीय मूल के छेदी जगन राष्ट्रपति बन गए थे। उसके बाद तो शिवसागर राम गुलाम (मारीशस), नवीन राम गुलाम (मारीशस), महेन्द्र चौधरी(फीजी), वासदेव पांडे (त्रिनिडाड), एस.रामनाथन (सिंगापु?), श्रषि सुनक ( ब्रिटेन), कमला हैरिस ( अमेरिका) सरीखे भारतवंशी विभिन्न देशों के प्रधानमंत्री, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति बनते रहे। अभी हाल में ही एक भारतीय मूल के नागरिक भी थरमन षणमुखरत्नम को भारी बहुमत से सिंगापुर का राष्ट्रपति चुना गया। बेशक, हम भारतीयों को अपना नजरिया बदलना होगा। अपनी सोच के दायरे का विस्तार करना होगा। हमें जाति, भाषा, मजहब, लिंग आदि के बंधनों को तोड़ना होगा। आपको वर्तमान में भारतवंशी सांसद अफ्रीका से लेकर यूरोप, अमेरिका और न्यूजीलैंड की संसद में मिलेंगे। मतलब यह है कि रोजगार की तलाश में दूर देश जाने वाले भारतीय अब वहां की किस्मत ही लिखने लगे। अगर बात साउथ अफ्रीका की करें तो वहां पर मेवा रामगोंविद सांसद हैं। उनसे पहले भी कुछ और भारतवंशी सांसद रहे हैं। परमिंदर सिंह मारवाह युगांडा की पार्लियामेंट में थे। वह चाहते हैं कि भारत के निवेशक युगांडा के कृषि क्षेत्र में आएं। उनके परिवार ने 1970 के दशक में भी युगांडा को नहीं छोड़ा था जब ईदी अमीन भारतीयों पर जुल्म ढा रहे थे। उनके दादा युगांडा में बसे थे। उनके दादा रेलवे में थे। उन्होंने 1930 और 1940 के दशक में ईस्टअफ्रीकी देशों में रेल लाइनेंबिछाई थीं। अब बात केन्या की। इधर कुछ साल पहले तक एक सरदारनी सांसद थीं। उनका नाम है सोनिया विरदी। सोनिया केन्या में महिलाओं के अधिकारो के लिए लड़ती हैं। दरअसल वह पहली एशियाई मूल की महिला सांसद हैं केन्या में। सियासत में नाम कमाने के लिहाज से भारतवंशियों के लिए कनाडा बहुत उर्वरा भूमि है। वहां कई भारतीय मूल के सांसद हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमारे यहां किसी को अपने सियासी स्वार्थों के लिए बाहरी कहना बंद होना चाहिए। देश अब बदल रहा है। हवा के रूख को पहचानें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

दर्पण तू दिल का सच बोलता होता,
संसार का हर मानव पूरा शत्रु तेरा होता ।।

घर-घर में तेरे टुकड़े बिखरे होते,
सत्य भी तेरी इस दशा में रोया होता।।

तेरे सम्मुख धूर्त का क्या रंग होता,
कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

सूर्पणखा क्या इतराती तेरे सम्मुख,
रावण ने भी खूब क्रंदन किया होता।।

दर्पण तेरी वाणी कटु सत्य सी होती,
सुंदरी का यौवन भी लजाया होता।।

गांधी की तरह सत्य से प्रयोग करता कहीं,
कोई गोडसे तुझे भी पत्थर से तोड़ गया होता।।

संजीव ठाकुर

# स्वास्थ्य रक्षा आमजन का भी दायित्व

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

**भारत में आबा**दी के मुकाबले स्वास्थ्य सेवाओ की बहुत कमी है, स्वास्थ्य सेवांओ से यह तात्पर्य नहीं है कि केवल डाक्टरों की सुविधा ही, बल्कि डाक्टरों के आने वाली उन कई सहायक सेवाओं से है, जिसकी मदद से डाक्टर इलाज कर पाते हैं। वहीं चिकित्सा क्षेत्र में विकसित एवं विकासशील देश अरबों रुपए शोध कार्य पर खर्च कर रहे हैं। पर दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जिन बीमारियों के लिए नयी-नयी दवाईयां खोजी जा रही हैं वे अमीरों की बीमारियां हैं, दिल संबंधी बीमारी, उच्च रक्त चाप, कैंसर, लिवर, किडनी प्रत्यारोपण और, सबसे बड़ी अमीरों की बीमारी है एड्स,। हर साल भारत सहित एशियाई देशों और अफ्रीका में लाखो व्यक्ति मलेरिया, कुपोषण, डायरिया, हैजा, डिहाईड्रेशन और टीकों एवं दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं, और इधर चिकित्सा विज्ञान प्लास्टिक सर्जरी के शोध करने में जुटा हुआ है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिस तरह से कोरोना नामक महामारी 2019 में आई और लगभग 2024 में चली भी गई। इस? अनपेक्षित महामारी ने करोड़ों की संख्या में लोगों की जान ली थी। स्वास्थ्य की महत्ता वर्षों पूर्व नेपोलियन बोनापार्ट ने समझकर ही यह कहा था कि "अगर मुझे स्वस्थ्य माएं मिले तो मैं एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूं।" नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है। किसी भी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण में स्वस्थ्य मांएं और सुसंस्कृत महिलाओ की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही तो आने वाली स्वस्थ्य पीढ़ी की जन्मदात्री हैं। संभवतः इसी सत्य को स्वीकार करते हुए भारत सहित प्रदेशों की सरकारों ने अपने वृहद स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित किया है जिसके केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों को रखा गया है, प्रदेशों की स्वास्थ्य क्षेत्र में देखा जाए तो पिछले वर्षों में कोई उल्लखनीय प्रगति नही हो पाई है। जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्यों में है। 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल लगभग जनसंख्या 66135862 व्यक्ति मानी जाती है। लेकिन राज्य स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं की दृष्टि से अभी भी देश के अनेक राज्यों से काफी पिछड़ा है। स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य के पीछे रह जाने के कारणों में यहां साक्षरता ,शिक्षा की कमी, आर्थिक पिछड़ापन, परिवहन के साधनों की न्यूनता और जनसंख्या में जनजाति संख्या का बाहुल्य है। 1981 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साक्षरता का प्रतिशत 27.87 था, जो देश के साक्षरता प्रतिशत से काफी कम है। गैर शिक्षित लोग अंधविश्वासी और जादू टोनों से बड़ी बड़ी बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नहीं जुट सका है। परिवहन की अपर्याप्त सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय और औषधालय नहीं खुल सके हैं।

## विचार

# पूर्वोत्तर भारत में भोजपुरी की लहर : सावन

सुनील चौरसिया 'सावन

**मन की** भाषा है भोजपुरी। आंगन की भाषा है भोजपुरी। भोजपुरी भाषा की खुशबू से पूर्वोत्तर भारत भी महमहा रहा है। मैं पूर्वोत्तर भारत की सभ्यता, संस्कृति एवं जीवन शैली को समर्पित पुस्तकें लिखने की कोशिश कर रहा हूं। इस लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु हिमालय की गगनचुंबी शिखरों पर बसे हुए छोटे-छोटे मनहर गांवों में जाकर वहां के बड़े बुजुर्गों से मिलना-जुलाना लगा रहता है। यहां के गांवों और शहरों में भोजपुरी की लहर है।

यहां के गांवों में नेपाली भी बसे हुए हैं। सैकड़ों जनजातियों एवं उप जनजातियों के साथ हमारे उत्तर प्रदेश एवं बिहार के भोजपुरिया भैया भी बसे हुए हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग अक्सर भोजपुरी में ही बतकही करते हैं। घर से हजारों किलोमीटर दूर हैं फिर भी इन्होंने अपनी सभ्यता, संस्कृति, पहचान और शान को उसी तरोताजगी के साथ धारण किया हुआ है जैसा होना चाहिए। असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैण्ड, और सिक्किम में कलकलाती हुई नदियां प्रवाहित होती रहती हैं जिनके तट पर छठ का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जब पूर्वोत्तर भारत में भी धूमधाम से छठ-पर्व मनाया जाता है तब ऐसा लगता है कि हम अपने गांव में ही हैं। हरे भरे हिमालय पर भोजपुरी-छठ गीत सुनकर मन झूम उठता है....

कांच ही बांस के बहंगिया
बहंगी लचकत जाय....
दउरा में सजल बाटे फलहरिया
पियरे पियर रंग सोभेला डगरिया
जेकर जग जाला भगिया
उहे छठ घाटे आय
कांच ही बांस के बहंगिया
बहंगी लचकत जाय....

यहां भी ठेकुआ का स्वाद है। हमारे केंद्रीय विद्यालय टेंगा वैली अरुणाचल प्रदेश की कक्षाओं में अनगिनत विद्यार्थी भोजपुरी भाषी हैं। तीज त्यौहार पड़ने पर विद्यार्थी संपूर्ण देश के सम्माननीय शिक्षकों को अपने घर बड़ी भाव से बुलाते हैं और मीठा पकवान खिलाकर सपरिवार आदर सत्कार करते हैं। अक्सर हम अपने विद्यार्थियों से भोजपुरी में बात करते हैं। हम प्रतिदिन प्रार्थना सभा में उन्हें भी भोजपुरी में बोलने हेतु प्रेरित करते हैं। नेपाल के विद्यार्थियों को नेपाली में बोलने का अवसर प्रदान करते हैं। बुगुन जनजाति के विद्यार्थी जब बुगुन बोली बोलते हैं तब मन प्रफुल्लित हो जाता है। मोंपा जनजाति की मोंपा बोली, तागिन की तागिन बोली और शेरदुक्पेन जनजाति की शेरदुक्पेन बोली बहुत ही प्यारी है। अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। मातृभाषा हमें एक दूसरे से भावनात्मक रूप से जोड़ती है। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग काम धंधा की तलाश में लगभग 50 वर्ष पूर्व पूर्वोत्तर भारत में आ गए। इस समय टेंगा मार्केट में लगभग 70% दुकानें भोजपुरिया भैया की ही हैं। कुछ लोगों को उस समय यहां बड़ी आसानी से सरकारी नौकरी भी प्राप्त हो गई। बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग यहां ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ अपना रोजगार एवं व्यापार करते हैं। यही कारण है कि यहां भोजपुरी भाषी लोग बड़ी सम्मान के साथ सुसंपन्न जीवन व्यतीत कर रहे हैं। गांव का गांव भोजपुरी भाषी है। हमारे केंद्रीय विद्यालय के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी अधिकतर भोजपुरी भाषी हैं। शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में भी भोजपुरी भाषी अधिकारीगण हैं। यहां सेना में भी भोजपुरी की शान है। मैं 5 वर्षों से पूर्वोत्तर भारत में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा हूं। कभी एहसास ही नहीं हुआ कि मैं उत्तर प्रदेश से बाहर अरुणाचल प्रदेश में हूं। हिमालय पर्वत की घाटियों में भोजपुरी गीत गुंजते हैं। भोजपुरिया परिवार में भोजपुरिया संस्कार है,भोजपुरिया सभ्यता है,भोजपुरिया प्रीति है, भोजपुरिया संस्कृति है,भोजपुरिया लाज है, भोजपुरिया लिहाज है। यहां यूपी और बिहार है। भोजपुरी की बहार है। जो यहां बस गया है वह यहीं का होकर रह जाना चाहता है; मेहमान की तरह वहां जाता है और पुनः यहीं आ जाता है। यहां की जिंदगी राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत है। इनके मन में जो लगाव बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रति है वही भाव अरुणाचल प्रदेश के प्रति भी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

रमेश सर्राफ धमोरा

**कहते** हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं।

# और या औरत


डॉ. सुरेश कुमार

**उसकी शादी** नहीं समझौता हुआ था। शादी दो दिलों के मिलने का नाम तो समझौता एक-दूसरे का एक ही कमरे में रहकर अलग-अलग जिंदगी गुजर बसर करने का नाम है। वह सिंदूर भरने वालों हाथों में कठपुतली बनकर रह गई। सिंदूरी हाथ जैसा नाच नचाता था, वह वैसा नाचती जाती थी। कभी हवा में उड़ने वाली पतंग की तरह लगती थी तो कभी कटी पतंग की तरह। उसकी पलकों से दुखों का सागर बहने के लिए उमड़ता रहता था। कभी दाँतों से होंठों को दबाए अपने ही ज्वार-भाटा में पीसती जाती थी। दिल में दुखों की अनंत गहराई जिसमें उतरने का साहस तो दूर जानने की जुर्रत नहीं करने वाला जमाना, किताबों में प्रशांत महासागर की गहराई पढ़कर स्वयं को ज्ञानी समझने लगता था। कितना अच्छा होता शब्दकोश से औरत के लिए स्त्री, महिला आदि शब्द हटाकर "पराई जिंदगी जीने वाली मशीन" कर दिया जाता। कम से कम इसे ही सच्चाई मानकर वह झूठमूठ के "नारी पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता" जैसे ढोंगी कथनों से खुद को दूर रखती। दो घरों के बीच शादी नाम की प्रथा के चलते किसी वस्तु की तरह विनिमय कर देने वाली जिंदगी कई अंतर्पीड़ाओं की अथक गूंज होती है। दान देने वाले और दान लेने वालों के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात कदम नापने वाली औरत किसी के लिए और तो किसी की औरत बन जाती है। और से औरत बनने की यात्रा में कइयों की जिंदगियाँ टूटकर चकनाचूर हो जाती हैं। कुछ के लिए सिर पर धरा बोझ तो कुछ के लिए सीने पर रखा पत्थर होती हैं औरत! अपने तन से किसी और मन के लिए जीना, अपने से पहले दूसरे के लिए सोचना, अपनी आँखों को किसी और के लिए बिछा कर रखना, अपने अस्तित्व को किसी और के लिए न्यौछावर कर देना, अपनी पीड़ाओं को किसी और के दुखों के लिए भुला देना, अपनी अधूरी जिंदगी को किसी की पूरी जिंदगी बनाने के लिए खुद को मिटा देना दुनिया में एक अकेली औरत ही कर सकती है। शायद इसीलिए धरती औरत है जो सब कुछ सहते हुए टस से मस नहीं होती, जबकि पुरुष आकाश की तरह स्वतंत्र होता है।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली का एक युवक लकवे के रोगियों के लिए उम्मीद लेकर आया है, उसके अभूतपूर्व आविष्कार को देखिए केवल हिस्ट्रीटीवी18

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के एक छात्र और आविष्कारक जैन समदानी ने एक अभूतपूर्व वेरेबल डिवाइस का अनावरण किया है जो हाथ के पक्षाघात से जूझ रहे व्यक्तियों के जीवन को बदलने का दावा करता है। समर्पित अनुसंधान और पक्षाघात से प्रभावित लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के जरिए हुआ



समदानी का यह आविष्कार, संवेदी और एक्सोस्केलेटल रोबोटिक दस्तानों का एक परिष्कृत संयोजन है, जो लकवाग्रस्त हाथों में संवेदना बहाल करने की उम्मीद प्रदान करता है। मानवीय धैर्य और दृढ़ता की इस बेहतरीन कहानी को देखिए 'ओएमजी ! ये मेरा इंडियाह्ल के नौवें एपिसोड में जिसका प्रीमियर होगा इस सोमवार, 8 अप्रैल को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर सोमवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है। 23 वर्षीय जैन समदानी ने एक वेरेबल डिवाइस का अनावरण किया है जो रीहैबिलिटेटिव प्रौद्योगिकी में एक नए युग की शुरूआत कर रहा है। यह न केवल उम्मीद जगा रहा है, बल्कि उन लोगों के लिए ठोस समाधान भी प्रदान कर रहा है जो पक्षाघात के कारण महसूस करने और चीजें उठा पाने की महत्वपूर्ण क्षमता खो चुके हैं। संवेदनशील फीडबैक मेकेनिजम्स सिस्टम के साथ अत्याधुनिक रोबोटिक्स को एकीकृत करके विकसित किये गए समदानी के दस्ताने शारीरिक दिक्कतों द्वारा आई चुनौतीपूर्ण सीमाओं को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी की क्षमता का प्रमाण हैं और रिकवरी में 30% तक तेजी ला सकते हैं। लकवे के रोगियों की मदद करने के दृढ़ संकल्प के साथ यह जीवन बदल देने वाला आविष्कार इस युवक ने कैसे किया, देखिए इस सोमवार रात 8 बजे 'ओएमजी ! ये मेरा इंडिया' पर।

### टाटा एआईए ने बीमा उद्योग में पहली बार व्हाट्सएप पर अलग-अलग भुगतान समाधान लॉन्च किए

**रेवाड़ी। भारत की** अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने अपने व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम भुगतान सेवा शुरू की है। जीवन बीमा क्षेत्र में इस तरह की सेवा शुरू करने वाली टाटा एआईए पहली बीमा कंपनी है। पहले व्हाट्सअप प्लेटफार्म पर सेवाएं यूपीआई-आधारित लेनदेन तक सीमित थी, लेकिन अब टाटा एआईए उपभोक्ता व्हाट्सएप पर भुगतान के कई अलग-अलग तरीकों का उपयोग कर सकते हैं। टाटा एआईए के पॉलिसीधारक व्हाट्सएप का उपयोग करके, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग विकल्पों के जरिए नवीनीकरण (पॉलिसी रिन्युअल) भुगतान आसानी से कर सकते हैं। पॉलिसीधारक अब 2 लाख रुपये की पूर्व सीमा के बजाय 1 करोड़ रुपये तक प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं। जून 2023 में, टाटा एआईए ने बीमा उद्योग में पहली बार डिजिटल भुगतान सुविधा प्रस्तुत करके, व्हाट्सएप और यूपीआई-सक्षम भुगतान विकल्पों के जरिए तत्काल प्रीमियम भुगतान सुविधा प्रदान की। टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और संचालन प्रमुख, श्री संजय अरोरा ने कहा, उपभोक्ताओं के लिए सहज और सुविधाजनक नए भुगतान विकल्पों को व्हाट्सएप पर प्रस्तुत करके बीमा उद्योग में नए रुझान स्थापित करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के जरिए उपभोक्ताओं को सुविधा और आसानी प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत हम यह अभिनव पहल लेकर आए हैं। इस तरह के बाजार-अग्रणी समाधान पेश करना हम आगे भी जारी रखेंगे, जिससे हमें बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने में मदद मिलेगी। टाटा एआईए अपने उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप पर 27 सेवाएं देती है। इनमें पॉलिसी दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी, प्रीमियम प्रमाणपत्र, दावा प्रक्रिया की शुरूआत और अपडेट, पॉलिसी नवीनीकरण प्रीमियम भुगतान, संपर्क जानकारी अपडेट, सेवा अनुरोध पर कार्यवाही का ट्रैकिंग, एनईएफटी अपडेट, यूनिट स्टेटमेंट और फंड वैल्यू अपडेट शामिल हैं। कंपनी ने ताशा (ळअरलअ) नामक एक इंटरैक्टिव सर्विस बॉट भी तैनात किया है, जो सप्ताह के 7 दिन, 24 घंटे उपभोक्ताओं के प्रश्नों का उत्तर देता है।

# देशभर में लगातार बढ़ रहा है भाजपा का ग्राफ. : मनोहर लाल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीजेपी ने** देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर तीन कलस्टर बनाए गए और इसके लिए तीन प्रभारी नियुक्त किए हैं। भाजपा ने जीटी रोड बेल्ट की चार सीटों अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल एवं सोनीपत कल्सटर का प्रभार राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार को दिया है। लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल, कलस्टर इंजार्च कृष्ण पंवार, लोकसभा चुनाव प्रभारी घनश्यामदास अरोडा, लोकसभा चुनाव सह-प्रभारी सुरेन्द्र नागर, लोकसभा चुनाव संयोजक हरविन्द्र कल्याण, प्रदेश महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता, निवर्तमान सांसद संजय भाटिया, जिलाध्यक्ष करनाल योगेन्द्र राणा, जिला अध्यक्ष पानीपत दुष्यंत भट्ट, विधायक पानीपत शहर



प्रमोद विज, विधायक पानीपत ग्रामीण महिपाल ढांडा, जिला प्रभारी पानीपत उमेश शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव सहप्रभारी एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने लोकसभा चुनाव प्रबंधन मे जुटे सभी कार्यकताओं से चुनाव की दृष्टि से मिले विभागों के बारे वृत्त लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में बीजेपी का लगातार ग्राफ बढ़ता जा रहा है बीजेपी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पार्टी ने कलस्टर बनाए हैं, ताकि चुनाव की बारीकी से तैयारियां की जा सके। मनोहर लाल ने सभी कार्यकताओं को कहा कि वह चुनाव में मनोहर लाल बनकर काम करें और आप सभी ने सब ने मिलकर इस चुनाव को लड?ा है। इसलिए आप सभी जिम्मेदार कार्यकताओं की ही इसमें ड्यूटी लगाई गई हैं। लोकसभा चुनाव सहप्रभारी सुरेंद्र नागर ने सभी कार्यकताओं से जानकारी लेते हुए कहा कि हमें लोकसभा चुनावों में प्रदेश की 10 की दस लोकसभा सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है करनाल लोकसभा प्रभारी विधायक हरविंदर कल्याण ने सभी का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि हम सभी आपके मार्गदर्शन से लाभ देते हुए इस काम को पूरा करेंगे। इस मौके पर पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, जिला प्रभारी करनाल भारत भूषण जुयाल, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, चैयरमैन अन्य पिछडा वर्ग कल्याण बोर्ड निर्मला बैरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन आनंद, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, ईश कुमार राणा सहित सभी चुनाव प्रबंधन कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## 'प्रचार में लाउडस्पीकर के प्रयोग के लिए लेनी होगी अनुमति'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के दौरान किसी भी राजनैतिक दल व उम्मीदवार द्वारा अपना अस्थाई चुनाव कार्यालय किसी भी मतदान केन्द्र की 200 मीटर की दूरी में नहीं खोल जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक पार्टियों के लिए चुनाव कार्यालय खोलने के बारे में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत करवाते हुए कहा कि कोई भी राजनैतिक पार्टी या उम्मीदवार चुनाव प्रचार कार्यालय लोकसभा चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के लिए निर्धारित किये गये किसी भी मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में नहीं खोल सकता है। उन्होंने कहा कि अस्थाई चुनाव कार्यालय खोलने के लिए सार्वजनिक एवं निजी जमीन का प्रयोग कब्जे के रूप में ना किया जाए और किसी भी धार्मिक स्थल परिसर में



कार्यालय नहीं खोला जाएं।उन्होंने कहा कि कोई भी चुनाव कार्यालय किसी भी शिक्षण संस्थान अथवा अस्पताल के समीप भी नहीं खोला जा सकता।

सभी राजनीतिक पार्टियों के अस्थाई चुनाव कार्यालयों में सम्बन्धित पार्टी का चुनाव चिन्ह और फोटोग्राफ वाला केवल एक झंडा और बैनर लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव कार्यालय में प्रयोग किये जाने वाला बैनर चार बाई आठ फुट से ज्यादा बड़ा नहीं हो सकता।

## रेलवे विभाग ने मॉक ड्रिल का किया आयोजन

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: रेलवे विभाग** द्वारा अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन यार्ड के नजदीक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम, रेलवे सेफ्टी डिपार्टमेंट, स्टेट डिजास्टर टीम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ-साथ अन्य रेस्क्यू टीमों द्वारा मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया गया। रेलवे के डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि आज एनडीआरएफ के साथ-साथ अन्य रेस्क्यू टीमों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि यदि कहीं पर रेलवे हादसा होता है तो उस समय यात्रियों को बचाने के लिये जो कार्य किये जा सकते हैं, उसे यहां पर किया गया।

# चुनावों को लेकर अवैध शराब की बिक्री पर रहेगी नजर

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: आबकारी एवं** कराधान विभाग हरियाणा के आयुक्त अशोक मीणा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत जीरो टोलरेंस नीति को अपनाते हुए कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। सम्बन्धित अधिकारी अपनी डयूटी को पूरी तत्परता से करते हुए इस कार्य को करें। आयुक्त अशोक मीणा पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में स्टेटिकल सर्विलांस टीम (नाका इंचार्ज), फ्लाईंग स्क्वायड टीम व अन्य अधिकारियों की मीटिंग ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन भी मौजूद रहे। आयुक्त अशोक मीणा ने बैठक के दौरान



अधिकारियों को बताया कि हरियाणा में 25 मई को चुनाव होने हैं और इससे पहले विभिन्न राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। अवैध शराब के साथ-साथ अन्य हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। शराब से सम्बन्धित जो लाइसेंस जारी किया गया है, उसके तहत जितनी शराब की परमिट है, अन्य कार्य जैसे ड्राइवर का नाम, रूट का नाम सभी चैक करेंगे। यदि कहीं पर भी एक्साइज पॉलिसी की अवहेलना नजर आती है तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित करेंगे। निर्देश स्पष्ट हैं कि कहीं पर भी अवैध शराब की सप्लाई नहीं होनी चाहिए। आयुक्त अशोक मीणा ने यह भी कहा कि यह कार्रवाई 4 जून यानि चुनाव प्रक्रिया तक जारी रहेगी। आबकारी विभाग द्वारा इलेक्सन सीजन मैनेजमैंट पोर्टल भी बनाया हुआ है। एन्फोर्समेंट ब्यूरो, पुलिस विभाग, एक्साइज विभाग व अन्य नाकों पर सम्बन्धित टीम द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है, वह इस पोर्टल पर भी अपलोड करें। इसके साथ-साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी अवैध शराब बनाने का कार्य न हो रहा हो। इस समय में जर्जर पड़े भवनों में इस कार्य को किये जाने का अंदेशा होता है, इसलिये वहां पर भी निगरानी रखें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने कार्य को बेहतर तरीके से करते हुए अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना सुनिश्चित करें।

## डीसी मोनिका गुप्ता ने किया अटेली अनाज मंडी का औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । उपायुक्त** मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज अटेली की अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रबी फसल की सरकारी खरीद का जायजा लिया, किसानों की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीसी ने मंडी में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों की मांग पर डीसी ने खरीद के लिए मंडी में एक की बजाए दो प्वांइट बनाने के निर्देश दिए ताकि किसानों को ज्यादा देर तक इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने बरसात की संभावना देखते हुए अधिकारियों को यहां पर पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह से सुखाकर तथा साफ करके मंडी में लाएं। सरसों में 8 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होनी चाहिए।

## 'आयोग ने चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं, को लेकर दिशा-निर्देश किए जारी'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत निर्वाचन** आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड? वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्या करना है और क्या नहीं (डूज एंड डॉन्ट) के बारे में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निदेर्शों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक पालन किया जाना आवश्यक है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि सभी दलों और चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान



और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। जुलूस का मार्ग यातायात को बाधित नहीं करना चाहिए।

**शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग**

उपायुक्त एवं निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकताओं को बैज या पहचान पत्र दिखाना होगा।

# नई अनाज मंडी के गेट के पास ट्रेडिंग कंपनी का हवन के साथ शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** नई अनाज मंडी के गेट के पास हरियाणा ट्रेडिंग कंपनी का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ किया गया। जिसमें पानीपत ग्रामीण से भाजपा नेता एवं निर्वतमान पार्षद विजय जैन का आयोजकों द्वारा स्वागत किया गया। कपंनी के संचालक रिषभ सतीजा ने बताया कि यहां पर किसानों के लिए हर तरह की ब्रांड के उच्च गुणवता वाली कीटनाशक दवाई व अन्य प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए यहां



अच्छा बीज, खाद व कीटनाशक उचित दामों पर मिलेगा। निश्चित तौर पर वह यह कह सकते हैं कि हमारी कृषि उत्पाद वस्तुएं किसानों के लिए फायदेमंद साबित होंगी। इस अवसर पर सुरेश गोयल, चमन लाल गुलाटी, राजेश सैनी, राहुल बॉक्सर, ललित मलिक, रामनिवास अहलावत, राजेश रोहिल्ला , रजत सतीजा, जयप्रकाश त्यागी, रमेश डांगी

# बारिश से पहले बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अतिरिक्त** उपायुक्त अपराजिता ने पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में बाढ़ प्रबन्धन के तहत जिला प्रशासन एवं डिजास्टर मैनेजमेंट टीम द्वारा जो कार्य एवं तैयारियां की जाती हैं, उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बैठक के दौरान बाढ़ प्रबन्धन के तहत एजेंडे में रखे बिन्दूवार विस्तार से समीक्षा की और पिछले वर्ष अम्बाला में बाढ़ के चलते जिन क्षेत्रों में जलभराव एवं अन्य समस्याएं उत्पन्न हुई थी, उनको दूर करने के तहत क्या कार्य किये जा रहे हैं, इसकी भी जानकारी हासिल की। उन्होंने सम्बन्धित एसडीएम को



निर्देश दिये कि बाढ़ प्रबन्धन के तहत वह अपने क्षेत्रों में सम्बन्धित के साथ बैठक लेकर यह सुनिश्चित करें कि इसके तहत क्या कार्य किये जा सकते हैं। जिन क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी, उसकी जानकारी रखें तथा बाढ़ के दौरान यदि लोगों को जिन सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा सकता है, वहां पर जलभराव न हों, ऐसी सभी बातों का ध्यान रखते हुए कार्य करें। बाढ़ प्रबन्धन के तहत सिंचाई विभाग द्वारा जो तटबंध बनाये हुए हैं, सम्बन्धित विभाग समय-समय पर उनका निरीक्षण करें, स्टोरेज की व्यवस्था के साथ-साथ पम्पिंग सेटों की व्यवस्था, पुलियों का निरीक्षण, वार्निंग सिस्टम, तार घर,फ्लड कंट्रोल रूम आदि विषयों पर भी जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डिजास्टर मेनेजमैंट द्वारा बाढ़ के समय जो उपकरण उपलब्ध रहते हैं, उसकी भी जानकारी ली और उन द्वारा जो अन्य गतिविधियां की जाती हैं, उनकी भी समीक्षा की। एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने क्षेत्रों में जो पुलियां हैं, उनकी समय-समय पर सफाई करवाना सुनिश्चित करें। बिजली निगम के अधिकारियों से बाढ़ के समय में जो क्षेत्र प्रभावित हुए थे, जिसमें धूलकोट, बरनाला, चोड़मस्तपुर, इंडस्ट्री एरिया, सद्दोपुर पावर हाउस आदि की भी जानकारी ली। श

बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह ने अतिरिक्त उपायुक्त को बताया कि चौडमस्तपुर में बाढ़ के चलते जो पावर स्टेशन प्रभावित हुआ था, उसका लेवल ठीक कर दिया गया है, कैंट में भी काम चल रहा है। बिजली प्रभावित न हो, इसके लिये भी रूपरेखा तैयार की गई है। खाद्य एवं पूर्ति विभाग से इस स्थिति में राशन वितरण की जानकारी ली। रैड क्रास द्वारा एनजीओज द्वारा जो गतिविधियां की जाती है, उसकी भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# हर्बल गार्डन व आक्सीजन पार्क की मुहिम प्रोफेसर दलजीत ने पंचकूला पहुंचाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** पानीपत के ग्रीनमैन से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद कार्यरत दलजीत कुमार ने राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में हर्बल गार्डन व ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि पानीपत में नौ हर्बल गार्डन स्थापित करने के बाद प्राचार्य डॉ. हेमंत वर्मा के विशेष आग्रह पर अपने निजीकोष से राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में हर्बल गार्डन और ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया है। प्रिंसिपल हेमन्तवर्मा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए तभी हम



प्रदूषण के लगातार बढ़ रहे स्तर को कम कर सकते हैं। प्रोफेसर दलजीत कुमार के अनुसार इस हर्बल गार्डन और ऑक्सीजन पार्क में छः प्रकार की तुलसी, दो प्रकार की इंसुलिन, तेजपत्ता, हींग, कड़ी-पत्ता, मल्टी स्पाइसी प्लांट्स, आँवला, एलोवेरा, हरड़, बहेड़ा, गूलर, काला बांसा, गिलोय, हारसिंगार, मोगरा, अंजीर सदाबहार, चम्पा, चमेली, सफेद आखा, रोजमैरी, इलाइची, ब्रह्मी, इसबगोल, केला, पुदीना अपराजिता, मोरिंगा, अनार,ईसबगोल, महुआ, अंगूर, लेमनग्रास, अजवाइन, गेंदा, स्नेकप्लांट, पत्थरचट आदि के 100 से अधिक पौधे रोपित करके हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन स्थापित किया।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि मैंने कोरोना महामारी को नजदीक से देखा है जिसमे करोड़ो भारतीयों ने इन आयुर्वेदिक पौधों व घर की रसोई से चीजे लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया था। परन्तु बहुत सारे इनके अभाव में भी रहे। इसके साथ इतिहास का विद्यार्थी होने के नाते प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा व आयुर्वेदिक पौधे के महत्व को जन साधारण को जागरूक करने का काम कर रहा हूँ। प्राचार्य डॉ हेमंत वर्मा ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार महाविद्यालयो के शिक्षको के लिए आदर्श है जो लगातार

निश्वार्थ भाव से महाविद्यालयो के साथ-साथ हर घर हर्बल- घर-घर हर्बल पहुँचा रहे है। राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में बिना महाविद्यालय का पैसा खर्च किए हर्बल- गार्डन स्थापित करने के लिए प्रोफेसर दलजीत कुमार का आभार व्यक्त करते हुए प्राचीन भारतीय चिकित्सा संस्कृति और पर्यावरणीय संवर्द्धन की मुहिम की सम्पूर्ण सफलता की कामना करता हूँ। मैडम निशा ने कहा प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा स्थापित हर्बल गार्डन की देखरेख पूर्णतया की जाएगी। इस दौरान डॉ अपर्णा, डॉ सौभा, नवनीत, भगतसिंह व महाविद्यालय के माली मौजूद रहे।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने की विभिन्न स्कॉलरशिप्स की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत । परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय** अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है।

पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है।



इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल ने कहा, "हम भारत भर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है।

# दिव्यांग बच्चों ने वोट देने के लिए किया जागरूक

## स्कूल में बने पोलिंग बूथ पर माता पिता की विजिट करवाई

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबाला शहर में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों ने आज वह कर दिखाया जो साधारण बच्चे भी करने की नहीं सोचते। आज इन दिव्यांग बच्चों ने अपने अभिभावकों को अपने विद्यालय में बने पोलिंग बूथ का दौरा करवाया और उन्हे आगामी लोकसभा चुनावों में निर्भीक होकर बिना किसी लालच के वोट देने की प्रेरणा दी। भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में नागरिकों की भागीदारी और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप एक्टिविटीज के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिला अंबाला में ऐसे कार्यक्रम अतिरिक्त उपायुक्त अंबाला



अपराजिता के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे हैं। इन जागरूकता कार्यक्रमों में शिक्षा विभाग भी अपना भरपूर योगदान दे रहा है। डीईईओ कम डीपीसी अंबाला सुधीर कालड़ा ने बताया कि स्वीप एक्टिविटीज की इसी कड़ी में आज राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबाला शहर में पढ़ने वाले बच्चों ने दिव्यांग बच्चों ने प्रिंसिपल गुरिंदर सिंह, विशेष अध्यापिकाओं कुमुद शर्मा, सुषमा और पुष्पा के मार्गदर्शन में अपने अभिभावकों को विद्यालय

**जागरूक किया**

8 वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप एक्टिविटीज के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे

में बने पोलिंग बूथ नंबर 77 का दौरा करवाया और आगामी लोकसभा चुनाव में बिना किसी लालच और डर के वोट देने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर इन दिव्यांग बच्चों ने बिना किसी लालच के वोट डालने संबंधी स्लोगन भी प्रदर्शित किए। डीईईओ कालड़ा ने बताया कि विद्यालय में बने पोलिंग बूथ को देखने के लिए दिव्यांग बच्चों आस्था इंसा, प्रभजोत सिंह, अक्षर पंडित, नेहा शर्मा, ध्रुव गोयल, अंजलि और चंदन के अभिभावक क्रमशः सुमन इंसा, बलजीत सिंह, हेमलता कंचन शर्मा, मनोज शर्मा, रुचि गोयल, अवतार कश्यप और सुदेश कश्यप विशेष रूप से पहुंचे। अभिभावकों ने बातचीत करने पर बताया कि डीपीसी कार्यालय अंबाला द्वारा नवंबर 2023 में आयोजित मेडिकल असेसमेंट कैंप के दौरान उन्हें पता लगा था कि 2014 में भारतीय संसद द्वारा सबसे पहला बिल दिव्यांगों के हित में पास किया गया था। हमारे बच्चों ने हमे कहा कि जिस संसद से हमारे लिए इतना बड़ा बिल पास हुआ है उस संसद के नुमाइंदों को चुनने के लिए हो रहे चुनावों में आपको वोट अवश्य देनी चाहिए।

# एम डीएवी स्कूल में हवन यज्ञ कर नए सत्र का किया शुभारंभ

**उज्जवल भविष्य**

8 सूरी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूणार्हुति अर्पित की व ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** स्थानीय मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सत्र 2024-25 का शुभारंभ वैदिक हवन यज्ञ के वेद मंत्रों द्वारा किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी जी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूणार्हुति अर्पित की व ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी नए विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित वैदिक हवन यज्ञ में यज्ञ ब्रह्मा पंडित मनोज शास्त्री जी ने सभी विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा द्वारा उन्हें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। प्रातः की प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी ने सभी विद्यार्थियों का इस नए सत्र में अभिनंदन करते हुए न केवल विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया बल्कि कठिन परिश्रम को जीवन में आत्मसात करने की भी प्रेरणा दी । प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि परिश्रम का कोई और विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने विश्वास दिलाया की मुरलीधर डीएवी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है। सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय के मैनेजर डॉक्टर विवेक कोहली व अध्यक्ष जस्टिस प्रीतम पाल जी ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों व अध्यापकों को शुभकामनाओं का संदेश भेजा। पूरे विद्यालय में यज्ञशेष के रूप में प्रसाद वितरित किया गया।

# कुवि कुलपति ने शिक्षक क्लब में ओपन जिम का किया उद्घाटन



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को शिक्षक क्लब में नए खुले जिम का उद्घाटन रिबन काटकर किया और ओपन जिम में नवीनतम उपकरणों का अनावरण किया ताकि फिटनेस और स्वास्थ्य की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने नियमित व्यायाम का महत्व, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बताते हुए खुशी व्यक्त करते हुए क्लब के पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना की और सभी शिक्षकों से सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।ओपन जिम शिक्षक क्लब के पार्क में खोला गया है जिसमें विभिन्न फिटनेस स्तरों और पसंदों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न उपकरणों की श्रेणी को स्थापित किया गया है।इस अवसर पर शिक्षक क्लब के प्रधान

**संस्कृति**

8 नवीनतम उपकरणों का अनावरण किया ताकि फिटनेस और स्वास्थ्य की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके

डॉ. ज्ञान चहल ने पुष्प गुच्छ देकर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. कुसुम लता, प्रो. परमेश कुमार, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, प्रो. जसबीर ढांडा, शिक्षक क्लब के प्रधान डॉ. ज्ञान चहल, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. सलोनी, डॉ. सुकर्मवती, डॉ. सुनील ढींगरा, डॉ. चंद्रकांत, डॉ. गुरप्रीत सिंह, डॉ. ओपी ठाकुर, दिविज गुगनानी आदि मौजूद थे।

# हरिपुर स्कूल के छात्रों ने आओ स्कूल चलें जन चेतना जागरुकता रैली निकाली

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरीपुर में ""आओ स्कूल चले"" कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट व एसएमसी प्रधान श्रीमती सुमन देवी ने की। प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रैली के लिए रवाना किया ।विद्यार्थियों ने हरिपुर गांव के गली गली व घर घर में जाकर समस्त अभिभावकगणों को जागरूक किया कि कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के नहीं रहना चाहिए। सभी बच्चों का शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और यह उसे अवश्य ही प्राप्त करनी चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने अभिभावकों को यह भी कहा कि वे अपने बच्चे को हर रोज स्कूल में अवश्य भेजें ।यदि किसी कारणवश बच्चा स्कूल में नहीं जा पाता



तो उसकी सुचना विद्यालय में अवश्य दें क्योंकि यदि विद्यार्थी स्कूल नहीं जाएगा तो उसकी पढ़ाई में से रूचि कम हो जाएगी और वह धीरे-धीरे स्कूल में से अनुपस्थित रहते हुए घर में रहना शुरू कर देगा। जिससे उसका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। रैली के दौरान ही विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर रैली में भाग लेने वालों में समस्त अध्यापक व प्राध्यापकगण व

**गुंजायमान**

8 सभी बच्चों का शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और यह उसे अवश्य ही प्राप्त करनी चाहिए, वे अपने बच्चे को हर रोज स्कूल में अवश्य भेजें

गांव के गणमान्य व्यक्ति मलकीत सिंह , राज सिंह, जी श्रीमती रचना जी, प्रीतम व समाज सेवक सुरजीत भी उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा वातावरण "आओ स्कूल चले"," सब पढ़े सब बढ़े"," शिक्षा है अधिकार हमारा" ,"हिंदू मुस्लिम सिख इसाई ,सरकारी स्कूल में करो पढ़ाई"" आदि नारों से गुंजायमान हो उठा।

# लड़ाई-झगड़े मामले का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने लड़ाई-झगड़े मामले में भगौडा आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने अदालत से भगौडे आरोपी गुरजेंट उर्फ बंटी पुत्र कृपाल सिंह वासी ऐबला बुटाना जिला करनाल को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी गुरजेंट उर्फ बंटी पुत्र कृपाल सिंह वासी ऐबला बुटाना जिला करनाल को वर्ष 2020 के लड़ाई-



झगड़े के मामले में श्री जतिन गर्ग सीजेएम कुरुक्षेत्र की अदालत ने दिनांक 20 जनवरी 20 24 को भगौडा आरोपी घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-2 हैड कांस्टेबल प्रवीन कुमार व गुरबक्श की टीम ने आरोपी गुरजेंट उर्फ बंटी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया ।

# मारकंडा कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लोकतंत्र**

8 कार्यालय के मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा ने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की नींव है



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** शाहबाद मारकंडा राजकीय कॉलेज शाहबाद में मतदान तथा वोट बनवाने के लिए जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा ने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की नींव है और भारत में 97 करोड़ मतदाता हैं जो लोकसभा के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जो कि पूरे यूरोप की आबादी से ज्यादा है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 साल से उपर है, उन सभी को वोट अवश्य बनवानी चाहिए इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से अपनी वोट बनवाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि ऑनलाइन के लिए प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन को डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने सभी उपस्थित युवाओं से इसको प्ले स्टोर से डाउनलोड करवाया। उन्होंने कहा कि वोटर.ईसीआई.जीओवी.इन पर भी जानकारी ली जा सकती है। इस अभियान का उद्देश्य पात्र युवाओं को वोट बनवाने के साथ साथ मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि मतदान के प्रतिशत में और भी बढ़ोतरी की जा सके। समय समय पर विभाग युवाओं को वोट बनवाने के लिए ना केवल जागरूक करते हैं अपितु वोट भी बनवाते हैं। हमारा उद्देश्य रहता है कि कॉलेज के सभी पात्र विद्यार्थियों के ना केवल वोट बने बल्कि वो लोकतंत्र के इस उत्सव में ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित कर सके।इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा, जयकिशन, संजय विज व बलविंद्र ने विद्यार्थियों को चुनाव आयोग की विभिन्न ऐव, वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन का प्रयोग करने की विस्तार से जानकारी दी और वोटर हेल्पलाइन 1950 का प्रयोग करने के बारे में व्यावहारिक ज्ञान भी दिया। लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर जिन युवा मतदाताओ ने 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, उस मतदाता को वोटर हेल्पलाइन के जरिए वोट बनवाने, वोट का स्टेटस जानने के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं। ये हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। यह लोकतंत्र का पर्व है इस दिन प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग करते हुए देश के ऊपर गर्व महसूस करना चाहिए।

# जन सहयोग समाजसेवी संस्था कर रही है समाजसेवा के उत्कृष्ट कार्य: मलिक

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र शहर की जानी-मानी समाजसेवी संस्था जन सहयोग समाजसेवी संस्था कुरुक्षेत्र शहर में कर रही है जन सेवा के बेहतरीन कार्य। जन सहयोग समाजसेवी संस्था कुरुक्षेत्र के संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि जनता के सहयोग से संस्था दिनरात जन सेवा के कार्यों में लगी रहती है। उन्होंने बताया कि हर रोज लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद एवं असहाय मरीजों को जनता के सहयोग से संस्था दूध, खिचड़ी, दालचावल और दवाइयां मुफ्त में मुहैया करवाती है ,इतना ही नहीं बिस्तर और कपड़ों की भी संस्था मदद



करती है। मास्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि संस्था ने जनता के सहयोग से बर्तन और बिस्तर एकत्रित कर रखे हैं जो की गरीब

**जरूरतमंद**

8 जनता के सहयोग से संस्था दिनरात जन सेवा के कार्यों में लगी रहती है : संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार

एवं जरूरतमंद असहाय लोगों के धार्मिक कार्यक्रमों और शादियों में मुफ्त मुहैया करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जन सहयोग संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाकर जरूरतमंद लोगों की जान बचाने का भी कार्य करती है ।संस्था के लोकहित के कार्यों को देखते हुए राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित एवं समाजसेवी दलबीर मलिक ने जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार की पीठ थपथपाते हुए कहा कि वह और उनकी पूरी टीम के सदस्य बधाई के पात्र हैं जो निस्वार्थ भाव से जन सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं और जनहित के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं।उन्होंने सभी सेअपील करते हुए कहा की ऐसे जन कल्याण के कार्यों में लगी हुई समाजसेवी संस्था का सब ने सहयोग कर पुण्य कमाना चाहिए।इस अवसर पर सूरज ,कमल सेठ, श्रीमती सुनीता देवी, सीमा रानी डिंपल विपिन शर्मा व अन्य संस्था के सदस्य व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सरकारी स्कूल ठोल में प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में जागरूकता रैली का किया आयोजन

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में हरियाणा सरकार व शिक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में एक रैली का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आगाज विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा आर्य व गांव की सरपंच श्रीमती रूमा देवी की अध्यक्षता में रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया।इस रैली का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाना था।प्रवेश उत्सव के दौरान ठोल प्राइमरी विद्यालय, सैनी माजरा ,मन्धेडी,डल्ला माजरा, व गोरखा गांव के विद्यार्थियों ने अपना दाखिला



सुनिश्चित किया।विद्यालय प्रधानाचार्या व समस्त स्टाफ ने रैली के दौरान अभिभावकों से विद्यालय संबंधी संवाद स्थापित किया और उन्हें बताया कि विद्यालय में पुस्तकालय, खेल का मैदान, उचित साफ सफाई, पूर्ण योग्यता प्राप्त स्टाफ, कंप्यूटर शिक्षा, मिड-डे मील, मुफ्त पुस्तक वितरण इत्यादि व्यवस्थाएं मौजूद है। सरपंच मैडम ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में विज्ञान संकाय में मेडिकल और नॉन मेडिकल व कला संकाय में विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं।

# श्रीराम कथा महोत्सव में श्रीराम व सीता विवाह की झांकी देखकर नाचने लगे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान ताड़का वध, श्रीराम-लक्ष्मण का नगर दर्शन व सीता स्वयंवर प्रसंग सुनकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्णशरण शास्त्री जी महाराज के मुख से श्रीराम व लक्ष्मण के निश्छल व अप्रतिम सौंदर्य का वर्णन सुनकर सभी श्रद्धालुगण अपने आप को नतमस्तक होने से नहीं रोक पाए। कृष्णशरण शास्त्री ने शिव धनुष को तोड़ने से लेकर श्रीराम-सीता विवाह के प्रसंग से बखूबी रूबरू करवाया। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के व्यक्तित्व से सीख लेकर उसे आत्मसात करना चाहिए भारत माता मंदिर में चल रहे श्रीराम महोत्सव के अंतर्गत श्रीराम कथा 6 अप्रैल तक जारी रहेगी। 7 अप्रैल को प्रातः 10



बजे जनकल्याण के निमित हवन होगा और दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा।

श्रीराम कथा के दौरान सरोज गर्ग, निशा गुप्ता, कुसुम मोदी, मधु बंसल, नीलम गर्ग, उषा राजगढ़िया, सुमन सिंगला, लता सिंगल, इंदु गोयल, बिमला कथूरिया, उषा ठकराल, प्रवीन अरोड़ा, मनोरमा गुप्ता, सुभाष जैन, रमेश पासी, मीनू, रीना गुप्ता, प्रीति सिंगला, प्यारेलाल लाहौरिया, अनिल महता, संतोष कुमार शास्त्री व रामकिशोर शुक्ला सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ीराम कथा के दौरान श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के प्रतिरूप बने हुए बच्चों ने श्रीराम-जानकी विवाह की झांकी निकाली। यह झांकी देखकर सभी भक्तगण श्रीराम के चरणों में नतमस्क हो गए और पूरा भारत माता मंदिर श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रीराम की आराधना करते हुए भक्तगण झूमने व नाचने लगे। उल्लेखनीय है कि भारत मंदिर के केंद्र

**झांकी**

8 श्श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के प्रतिरूप बने हुए बच्चों ने श्रीराम-जानकी विवाह की झांकी निकाली

में स्थापित की गई भारत माता की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। भारत माता की प्रतिमा के बाईं ओर श्री गंगा माता एवं दाईं ओर श्री गऊ माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। भारत माता मंदिर में श्री दुर्गा माता, श्री श्याम बाबा, श्री राधा-कृष्ण, श्री राम दरबार, श्री लक्ष्मी नारायण, श्री पंचमुखी हनुमान व श्री सिद्धिविनायक गणेश के विग्रह की स्थापना की गई है।

# अवैध शराब की नहीं हो गतिविधियां, नाकों पर रखें कड़ी नजर : अशोक कुमार

## चुनावी प्रकिया से जुड़े अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आबकारी एवं** कराधान विभाग हरियाणा के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव की प्रक्रिया से जुड़े जिला अधिकारियों की बैठक ली और अवैध शराब के प्रवाह को पूरी तरह से रोकने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, आबकारी विभाग व जीएसटी विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्यवाही करें तथा पंजाब व चंडीगढ़ से होने वाली अवैध शराब की गतिविधि पर कड़ी नजर रखें और इसे अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। आयुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 होने जा रहा है जिसके तहत हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा तथा आगामी 6 जून तक आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहेगी। चुनावी प्रक्रिया के दौरान अवैध शराब को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सतर्क है। ऐसे में सभी अधिकारी भी अपनी ड्यूटी भी पूरी सजगता के साथ निभाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला करनाल में आबकारी विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मिलकर गश्त करें तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। कहीं भी अवैध शराब बरामद होती है तो संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शराब की गाडि ?ों की गहनता से चैकिंग करें, अगर कहीं पर भी कोई कमी पाई जाती है तो तुरंत गाड़ी को सीज करें और इसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं डीईटीसी विभाग की टीमों के लगातार संपर्क में रहें और व्हाटद्सएप ग्रुप बनाकर सूचनाएं साझा करें। विभागों की टीमें लगातार नाकों व लिंक रोड पर निगरानी रखें और आपसी समन्वय स्थापित करते हुए काम करें।



**चुनाव के दौरान किसी भी व्यक्ति को नाजायज परेशान न किया जाए तथा आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को बख्शा न जाए : उत्तम सिंह**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा सभी टीमों को प्रशिक्षण भी दिलवाया जा चुका है ताकि उन्हें चुनाव के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने एआरओ तथा संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे उत्तर प्रदेश से लगती सीमा पर बनाए गए नाकों पर विशेष निगरानी रखें। इसके अलावा साथ लगते गांवों के सरपंच, पंच, ग्राम सचिव व नंबरदार से भी लगातार संपर्क बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी लें तथा सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान नाजायज तौर पर किसी भी व्यक्ति को परेशान न किया जाए तथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। उपायुक्त ने लोगों से भी अपील की कि अगर उन्हें कहीं भी अवैध शराब के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस विभाग या आबकारी विभाग को सूचित करें। इसी तरह अगर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब व अन्य नशीला पदार्थ तथा अन्य कोई प्रलोभन की वस्तु बांटी जा रही है तो इसकी भी सूचना तुरंत दी जाए। उन्होंने कहा कि लोग इसकी रिपोर्ट सी-विजिल एप के जरिए कर सकते हैं। सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा तथा चुनाव आयोग की हिदायतों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं एआरओ नीलोखेड़ी अखिल पिलानी, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं चुनाव प्रकिया के नोडल अधिकारी विवेक चौधरी, एआरओ करनाल अनुभव मेहता, एआरओ असंध विरेंद्र ढुल, एआरओ इंद्री अशोक कुमार, एआरओ घरौंडा राजेश सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश शुभम, डीएसपी गुरमेल सिंह, डीईटीसी नीरज सिंह व डीईटीसी इंस्पेक्शन जितेंद्र राघव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**गन्नौर। शाहपुर तगा** गांव से एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लड़के की मां ने गुमशुदगी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में कमलेश ने बताया कि उसका बेटा मंजीत 3 अप्रैल की दोपहर को मोटरसाइकिल लेकर गया था। जो शाम तक वापस नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कही पता नही चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कीर्ति जैन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत



**गन्नौर। गन्नौर शहर** की कीर्ति जैन को सरकार ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया है। हरियाणा सरकार ने पदोन्नति के लिए नोटिफिकेशन के लिए राह्ल्यपाल से सिफारिश की थी। राह्ल्यपाल की अनुमति के बाद सरकार उन्हें पदोन्नत कर दिया है। उनके पदोन्नति की जानकारी मिलते ही शहर में खुशी का माहौल है। शहर के गणमान्य लोगों ने उनके पिता डा. श्याम जैन को बधाई दी है। वर्ष 2011 में हरियाणा में जूनियर जज के पद पर चयनित हुई कीर्ति जैन की पहली नियुक्ति रोहतक में हुई थी। इसके बाद वह गुरूग्राम व 2018 में रेवाड़ी में सीजेएम रही। अभी वह सीजेएम नारनौल के तौर पर कार्यरत हैं। पूर्व नपाध्यक्ष सतप्रकाश शर्मा ने बताया कि जल्द ही शहर में उनका अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सर्व कर्मचारी संघ ने कर्जमुक्त भारत अभियान को दिया समर्थन

**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। निशुल्क कर्ज** मुक्त भारत अभियान टीम द्वारा मानव सेवा संघ में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक भारतीय, प्रदेश प्रभारी मुकेश सिरोही भारतीय व सोनीपत लोकसभा प्रभारी अनिल गर्ग भारतीय ने कर्ज से पीड़ित उपस्थित लोगों को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अरुण कौशिक भारतीय ने बताया कि देश में नोटबंदी, जीएसटी व लॉक डाउन के कारण देश में अनेक लोगों की दुकानें व फैक्ट्रियां बंद हो गई, वह लोग बेरोजगार हो गए और उनके पास नौकरी करने वाले लोग बेरोजगार हो गए। उनके पास आमदनी का कोई साधन नहीं रहा, उनके पास घर का खर्च चलाने के लिए भी पैसे नहीं तो वह बैंकों से लिए ऋण की किस्त कैसे चुकायें, इसको लेकर बैंकों के रिकवरी एजेंट उनको प्रताड़ित करने लगे, जिस कारण अनेक लोग आत्महत्या करने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि इस विषय को शाहनवाज चौधरी भारतीय ने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया, लेकिन वित्त मंत्रालय ने इस समस्या को स्वीकार करने से मना किया।

इसके बाद कर्ज मुक्त भारत अभियान की टीम ने देश से लोगों का डाटा इक्ा करना शुरू किया और जुलाई 2022 से हर महीने इसकी जानकारी वित्त मंत्रालय व प्रधानमंत्री कार्यालय में देनी शुरू की और सरकार से मांग की कि कर्ज से पीड़ित लोगों को राहत दी जाए। जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ/राइट ऑफ /अंडर राइट/हेयर कट किया गया है, उसी तरह आम जनता को भी राहत देनी चाहिए। उनका कहना है कि आम जनता का या तो कर्ज माफ किया जाए या फिर जनता को कर्ज चुकाने के लिए 2-3 वर्ष का समय दें। उनकी सम्पत्ति कर्ज न चुकाने के कारण बैंकों द्वारा नीलाम नहीं की जाए। रिकवरी एजेंट जनता को इस तरह परेशान न करें, जिसके कारण जनता आत्महत्या कर रही है। सर्व कर्मचारी संघ करनाल के प्रधान सुशील कुमार गुर्जर ने इस मुहिम का समर्थन किया व आश्वासन दिया कि जहां भी जरुरत पड़ेगी, वह इस मुहिम को हरसंभव सहयोग देंगे। इस अवसर पर राजेश कुमार, प्रदीप कुमार, जसमेर सिंह, बलकार सिंह, प्रीति, बरखा, प्रभजोत सिंह, स्वर्ण सिंह, जयभगवान व मनोज आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# ग्लोबल स्टडी लिंक 14 को महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए आयोजित करेगा दूसरा एजुकेशन एक्सपो

**घोषणा**

8 14 अप्रैल 2024 को दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक होटल- क्राउन प्लाजा में किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**एजुकेशन** कन्सलटेन्सी सेक्टर में प्रमुख संगठन ग्लोबल स्टडी लिंक ने विदेश में पढ़ाई के लिए अपने आगामी दूसरे एजुकेशन एक्सपो की घोषणा की है। एक्सपो का आयोजन 14 अप्रैल 2024 को दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक नई दिल्ली के डिस्ट्रिक्ट सेंटर में स्थित प्रतिष्ठित आईएचजी होटल- क्राउन प्लाजा में किया जाएगा। यह एक्सपो उन छात्रों के लिए व्यापक मंच की भूमिका निभाएगा जो विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं। छात्रों को पढ़ाई के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस आयोजन में दुनिया भर से जानी-मानी युनिवर्सिटियों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। प्रोग्राम के दौरान उपस्थितगणों को अंडरग्रेजुएट से लेकर पोस्टग्रेजुएट प्रोग्रामों तक विभिन्न विषयों, छात्रवृत्तियों एवं पढ़ाई के विभिन्न गंतव्यों के बारे में जानने का मौका मिलेगा। हमें खुशी है कि हम विदेश में पढ़ाई के इच्छुक छात्रों के लिए एजुकेशन एक्सपो का आयोजन कर रहे हैं, यह एक्सपो छात्रों को ऐसा मंच उपलब्ध कराएगा जहां उन्हें दुनिया के विभिन्न गंतव्यों में पढ़ाई के अवसरों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन महत्वाकांक्षी छात्रों को जरूरी संसाधन एवं रूझान उपलब्ध कराने और उन्हें सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, ताकि वे सोच-समझ कर अपने अकादमिक भविष्य के बारे में फैसला ले सकें। रेजुलेश वट्टाप्पाराम्बिल, मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्लोबल स्टडी लिंक ने कहा। विदेश में पढाई के लिए इस एजुकेशन एक्सपो का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जरूरी जानकारी एवं संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने अकादमिक भविष्य के बारे में सोच-समझ कर फैसला ले सकें। जाने-माने शिक्षा संस्थानों को एक ही मंच पर लाकर ग्लोबल स्टडी लिंक विदेश में पढ़ाई के अवसरों को सुगम बनाना चाहता है, और महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए नए मार्ग प्रशस्त करना चाहता है। इसके अलावा इस एक्सपो में कई विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थान शामिल होंगे। युके के जाने-माने नाम जैसे बर्मिंघम सिटी युनिवर्सिटी, युनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ, मिडसेक्स युनिवर्सिटी, बीजीयू- बिशोप ग्रॉसेटेस्टे युनिवर्सिटी, युनिवर्सिटी ऑफ साउथ वेल्स, युनिवस्रिटी ऑफ वोरकेस्टर; स्विट्जरलेण्ड से इंटरनेशनल संस्थान जैसे बीएचएमएस और एचटीएमआई तथा कनाडा से एमएसयू- माउंट सेंट विंसेट युनिवर्सिटी एक्सपो में हिस्सा लेंगे। इस एक्सपो के दौरान छात्रों को सीधे युनिवर्सिटियों के प्रतिनिधयों से मिलने, उनकेअकादमिक प्रोग्रामों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इस तरह यह मंच विदेश में पढ़ाई की उनकी महत्वाकांक्षा को साकार करने में पहले कदम की भूमिका निभाएगा।

## मतदाताओं को जागरूक करने का चलाया जा रहा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज की देखरेख में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने बताया कि शुक्रवार को पानीपत तहसील कैम्प और बडौली गांव के विद्यार्थियों के साथ बीएलओ का कार्य देख रहे कर्मियों ने रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बताया कि बच्चे हाथों में बैनर व तख्तियों लेकर रैली निकालते हुए क्षेत्र में घूमें। उन्होंने बताया कि जिले में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी अध्यापकों ने भी इस जागरूकता रैली में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने तख्तियों पर मतदान संबंधी सलोग्न भी लिखें थे। रा. व. मा. विद्यालय बड़ौली में सुपरवाईजर आरती सलुजा तथा बीएलओ दीपक कुमार व रेनू अत्री की अगुवाई में मतदान को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया।

## एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुरानी अनाज** मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर विधिविधान से पूजा अर्चना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। प्रमुख सेवादार देसराज गुप्ता ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है और हर एकादशी का व्रत विधि-



विधान से करने पर इसका फल भी जरूर मिलता है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी पापमोचनी एकादशी का व्रत बड़ा ही महत्वपूर्ण है। पौराणिक मान्यता है कि इस एकादशी व्रत पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु के साथ धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। इस एकादशी का व्रत करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## सैक्टर-33 में बनी करीब आधा दर्जन झुग्गी झोपड़ियां जलकर हुई राख

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर-33** में बनी झुग्गी-झोपडियों में आज अचानक आग लग गई। आग के कारण झोपडियों में रखे तीन गैस सिलेंडरों में भी ब्लास्ट हो गया। इसके बाद झुग्गी- झोपडियो में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते करीब आधा दर्जन झोपडियां जलकर राख हो गई। ब्लास्ट की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। झुग्गी-झोपड़ी वालों का आरोप है कि हमने पुलिस को झोपडियों में आग लगने की सूचना दे दी थी। इसके बाद पुलिस तो कुछ ही देर में एंबुलेंस की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंच गई थी।

## प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना के प्रभारी को मिला सम्मान

### फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी को डीजीपी ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः प्रदेश के** सर्वश्रेष्ठ एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना के प्रभारी महेश कुमार को डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने सम्मानित किया है। फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने थाना प्रभारी महेश कुमार को प्रमाण पत्र भेंट किया। देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों का चयन करने के साथ ही राह्ल्यवार रैंकिंग भी जारी की जाती है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के लिए औद्योगिक क्षेत्र बड़ी थाना को शामिल किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वार्षिक रैंकिंग 2023 के लिए हरियाणा के दो थाने



शार्टलिस्ट किए गए थे। जिसमें सोनीपत जिले का एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना तथा गुड़गांव जिले का मानेसर थाना शामिल थे। जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अपराध दर, मामलों की जांच और निपटान, महिला के खिलाफ अपराध, कमजोर वर्ग, संपत्ति अपराध, बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक सेवा, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय जैसे कई मानकों पर थानों का सर्वे कराया गया था। वहीं आम लोगों से भी थानों के संबंध में उनका पक्ष जाना गया। सर्वे में एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना में बेहतर व्यवस्थाएं पाई गई। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना में 85 प्रतिशत पुराने केस का निपटान हुआ पाया गया। वहीं पुराने केस निपटान के मामले में भी एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना देश में दूसरे स्थान प्राप्त करने में सफल रहा था।

## एसडीएम ने गेहूं खरीद को लेकर पानीपत अनाज मंडी का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपतः पानीपत एसडीएम** मनदीप कुमार ने रबी की फसलों की खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को पाानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद की व्यवस्था के सम्बंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि किसान मंडियों में अपनी उपज को सुखाकर ही बिक्री के लिए लाएं। एसडीएम मनदीप कुमार ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को कहा कि मण्डी में किसानों की उपज की खरीद में किसी प्रकार की कोई अड़चन ना आने पाए, इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ मार्केट कमेटी के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एसडीएम पानीपत एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के एआरओ मनदीप कुमार ने शुक्रवार को नांगल खेड़ी गांव में विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। एसडीएम मनदीप कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र को मजबूत करने को लेकर ज्यादा से



ज्यादा मतदान करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग 25 मई को अपना वोट डालने जरूर जायें। सभी मतदाता मतदान में अपनी भागीदारी सौ प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए अपनी वोट डालने अवश्य जाएं और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। एसडीएम मनदीप कुमार ने गांव नांगलखेड़ी में बनाए गए मतदान केंद्र का भी दौरा किया और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगाए हस्ताक्षर बोर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार के निर्देशन में गन्नौर स्थित लघु सचिवालय में स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम निर्मल नागर ने लघु सचिवालय में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगाए गए हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर करते हुई की। उन्होंने सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हर मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग अवश्य लें तथा गर्व महसूस करें क्योंकि आप भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

## रक्तदान महादान, हमें रक्तदान से कभी पीछे नहीं हटना चाहिएः उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः जीटी रोड** स्थित आईबी कॉलेज में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने रिबन काटकर शिविर का उद्द्घाटन करते हुए कहा कि लोगों का जीवन बचाने के लिए युवाओं को रक्तदान करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। रक्तदान महादान है हमें यह नहीं भूलना चाहिए। एक युवक का रक्त किसी सैनिक की जान बचा सकता है। एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती



है। उपायुक्त ने शिविर में रक्तदान कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत की व उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि अन्य युवा साथियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। कॉलेज में पहुंचने पर प्रबंधन समिति द्वारा उपायुक्त का स्वागत किया गया। उपायुक्त ने इस दौरान स्वस्थ रहने के टिप्स भी विद्यार्थियों को दिए।

# लापरवाही और रखरखाव के अभाव में नरेला का पार्क बदहाल







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सेहत को** अच्छा रखने और लोगों को खुशनुमा वातावरण देने के लिए नरेला में बनाए गए पार्कों का इन दिनों बुरा हाल है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते पार्क बदहाल होकर पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। देख-रेख के अभाव में यह पार्क किसी खंडहर से कम नहीं दिखाई दे रहे हैं। कुछ पार्कों पर पशुओं का कब्जा है तो कुछ पार्कों में गंदगी पड़ी है। सफाई नहीं होने के कारण इन पार्कों में घूमना तो दूर की बात है इनके पास से निकलना भी मुश्किल होता है। सालों से पार्कों की बदहाल स्थिति बनी हुई है। इनमें हनुमान मंदिर के पास शास्त्री मार्केट में एमसीडी का पार्क प्रमुख है। पार्क की बाउंड्री वॉल लंबे समय से टूटी पड़ी है। इस कारण पार्क के अंदर मवेशी घूमते रहते हैं। सुरक्षा के लिए लगी रेलिंग भी गायब है, बैठने के लिए लगाई गई सीटें टूट चुकी हैं। पार्क में गंदगी चारों तरफ पसरी रहती है। पार्क में लगी घास पूरी तरह से सूख चुकी है। स्थानीय निवासी संदीप ने बताया सालों से इस पार्क में झाड़ू तक नहीं लग सकी है पूरा पार्क खंडर हो चुका है। स्थानीय प्रशासन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है। शिकायतों के बाद भी नगर निगम कोई सुनवाई नहीं करता। पंजाबी कॉलोनी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एन.डी अरोड़ा ने बताया पार्क नगर निगम और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। रेलिंग, बाउंड्री वाल टूटी पड़ी है। रख-रखाव के अभाव में पार्क से हरियाली गायब है। बैठने के लिए लगाई गई सीटें भी टूटी हुई है। मरम्मत नहीं होने के कारण बच्चों के लिए लगाये गये झूले में जंग लग गया है। यह झूला कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। पार्क में चारों ओर गंदगी फैली हुई है और जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे हुए हैं। शरारती तत्वों की ओर से पार्क में शराब व अन्य प्रकार के नशे का प्रयोग किया जाता है। इस कारण स्थानीय निवासियों ने इस पार्क से दूरी बना ली है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित में शिकायत दी गई लेकिन अधिकारी समस्या के समाधान की बात कहकर चैन की नींद सो जाते हैं। स्थानीय निवासियों की मांग है की पार्क पर आलाअधिकारियों को ध्यान देकर पार्क का सौंदर्यकरण और नवीनीकरण जल्द कराना चाहिए।

## संगठन में शक्ति होती है, इसलिए संगठित रहों: गिरीश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः साहू** समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने कहा कि जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है, इसलिए हम सभी को शिक्षा के महत्व को समझना व पहचानना होगा।
उन्होंने अभिभावको से कहा कि बेशक एक रोटी कम खाओं लेकिन बच्चे को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चा पढ़-लिख कर आगे बढ़े और अपने माता-पिता सहित समाज और देश का नाम रोशन करें।
उन्होंने आगे यह भी बताया कि साहू समाज एकता समिति के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। अगर समाज का कोई व्यक्ति परेशान है तो वह हमारे कार्यालय या हमारे समाज के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि जागरूक बनो, संघर्ष करें और संगठित रहो तभी विकास होगा।

## धूमधाम से मनाया गया भाजपा जिला मंत्री कुंदन कुमार का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला मंत्री कुंदन कुमार का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से रोहिणी स्थित ग्रीन वाटिका में मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही जिला मंत्री कुंदन कुमार को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिला मंत्री कुंदन कुमार को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, जिला केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनुज सिंह, पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री व पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा राजीव ठाकुर, मंडल अध्यक्ष धीरपुर सुभाष झा, महामंत्री पूर्वांचल मोर्चा रोशन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन झा, महामंत्री मृत्युजंय तिवारी, गोपाल राय, महेन्द्र सिंह, संजीव, सोशल मीडिया से भैरव झा और नितिश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि कुंदन कुमार बड़े ही अच्छे व्यक्ति है। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और इन्हें जन्मदिन की विशेष रूप से बधाई देता हूं। इस मौके पर जिला मंत्री कुंदन कुमार ने बधाई देने वालों का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

# आजादपुर मंडल के जहांगीरपुरी में भारतीय जनता पार्टी की हुई बैठक









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के आजादपुर वार्ड में चांदनी चौक लोकसभा भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जहांगीरपुरी के ए ब्लॉक के दुर्गा मंदिर में गुजराती समाज के साथ बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आदर्श नगर विधानसभा महिला मोर्चा की संयोजक व सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा की अगुवाई में हुई। इस मौके पर पूर्व पार्षद व सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा, जिला केशवपुरम भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष चंचल जैन, मंडल अध्यक्ष आशा अरोडा, पूनम गुप्ता, श्रद्धा, नीलम गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा ने गुजराती समाज की महिलाओं को जागरूक करते हुए भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंचल जैन ने भी उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया और भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतो से विजयी बनाने की अपील की।

## बांकनेर वार्डः भाजपा पूर्वांचल मोर्चा की हुई अहम बैठक, कई मुद्‌दों पर हुई विशेष रूप से चर्चा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः नरेला विधानसभा** क्षेत्र के बांकनेर मंडल में पूर्वांचल मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चुनाव की रणनीति को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वांचल मोर्चा बांकनेर मंडल भाजपा के अध्यक्ष राकेश कुमार झा ने की। इस मौके पर उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार, पूर्वांचल मोर्चा जिला महामंत्री सुदामा सिंह, अमित कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष, पीयूष कुमार झा, सुनील कुमार सिंह, विवेक कुमार पाण्डेय, रमेश कुमार गुप्ता, सुनील मंडल, आदेश कुमार, हरेराम मंडल, संजीव, नवल राम, धमेन्द्र सिंह, शलैन्द ठाकुर, विनोद कुमार, राजकुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने कहा कि आज नरेला विधानसभा क्षेत्र के बांकनेर मंडल में पूर्वांचल मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें चुनाव को लेकर रणनीति बनाई और भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की योजना बनाई गई। इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि हमें घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराना है जिससे की जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व कार्यों से बेहतर तरीके से अवगत हो सके। इस मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व सुझाव रखें।

## 116वीं जयंती पर बाबू जगजीवन राम को श्रद्धासुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की116वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री वत्स ने कहा कि बाबू जगजीवन राम दलितों के मसीहा थे। उन्होने आजीवन दलितों, शोषितों एवं वंचित वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्य किए। वत्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बाबू जगजीवन राम को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने की मांग की है।

# त्रीनगर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के लिए डोर-टू-डोर किया जनसंपर्क









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली लोकसभा** चुनाव में अब कुछ ही समय शेष रह गया है, जिसकों लेकर सभी राजनैतिक दलों की बैठकों व कैंपेनिंग जोरों-शोरों से की जा रही है। इसी कड़ी में चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के लिए त्रीनगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। कार्यक्रम की शुरूआत त्रीनगर क्षेत्र स्थित कन्हैया नगर मंदिर व शंकर चौक के मंदिर से की गई, उसके बाद गली-गली में जाकर चुनाव प्रचार किया गया।

**गाड़ियों व दरवाजों पर चस्पा किए स्टीकरः** जनसंपर्क के दौरान आमजनों से संपर्क किया गया व खंडेलवाल को जिताने की अपील की गई। मौके पर मौजूद त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र स्थित त्रीनगर के शांति नगर, कन्हैया नगर, लेखू नगर, जय माता मार्किट सहित अन्य कॉलोनियों में जाकर लोगों से संपर्क किया और स्टीकर चस्पा किए गए इसी के साथ ही पत्रक बांटे गए।

**विकास के लिए भाजपा का करें समर्थनः** मुकेश गांधी ने कहा कि जैसे की केंद्र में भाजपा की सरकार व पीएम मोदी के नेतृत्व देश विकास के शिखर पर है व दिल्ली के विकास के लिए भाजपा को लाए और विकास पाएं। इस मौके पर गांधी ने कहा कि देश में जो विकास हो रहा है वह भाजपा सरकार की रणनीति का ही कारण है।

**मंदिर से शुरू किया गया जनसंपर्क अभियानः** डोर टू डोर अभियान के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी, मोहन गौड, धर्मवीर सिंगल, रूपका शर्मा, दिनेश पंडित, प्रेम पवार कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हत्यारोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी, परिजनों ने रात को दिया सचिवालय के आगे धरना

**धरना**

**8 रात को धरने की सूचना पर फूले पुलिस के हाथ-पांव, आश्वासन देकर किया शांत**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हांसी सदर क्षेत्र के गांव भाटला में कुछ दिन पहले एक युवक की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के रोषस्वरूप मृतक के परिजनों ने गुरुवार देर रात हांसी में लघु सचिवालय के समक्ष धरना लगा दिया। पुलिस द्वारा परिजनों को सुरक्षा मुहैया व पीसीआर तैनात किए जाने की मांग माने जाने पर परिजन शांत हुए और धरना समाप्त किया। इस मामले में कई घंटे तक हंगामा होता रहा।

बताया जा रहा है कि भाटला के युवक की मौत मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने व परिजनों को धमकियां दिए जाने का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों ने हांसी में धरना लगा दिया। अचानक रात को लगाए धरने की सूचना पाकर पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और वे आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। सदर थाना प्रभारी मनदीप चहल अपनी टीम के साथ परिजनों से मिलने पहुंचे और हत्यारोपियों को जल्द गिरपतारी किए जाने का आश्वासन दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को अपनी जान का खतरा बताकर सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो वे फिर से धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पुलिस ने गांव में परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने पर पीसीआर तैनात किए जाने के बारे कहने पर परिजन माने और अपने गांव की ओर लौट गए। मामले के अनुसार 23 मार्च को गांव भाटला निवासी 20 वर्षीय सचिन का शव सुबह अपने गांव के प्लाट में पेड़ पर लटका हुआ मिला था। परिजनों का आरोप है कि प्रेम-प्रसंग के चलते लड़की के परिजनों ने सचिन की हत्या की है। मृतक के ताऊ राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 मार्च को गांव की ही एक लड़की को चिट्ठी देने को लेकर विवाद हुआ था। इस पर लडकी के परिजनों ने उनके भतीजे की पिटाई कर दी। उनको नहीं पता था कि सचिन ने कोई चिट्ठी दी है या नहीं। विवाद को खत्म करने के लिए पंचायत भी हुई थी, जिसमें गांव के लोगों के साथ वह लड़की के घर गए और उन्होंने उनको कहा कि अगर उनका लड़का दोषी है तो वह उसको खुद पुलिस के हवाले कर देंगे।

इसके बाद भी लड़की के परिजन नहीं माने और लड़के को मारने की धमकी देने लगे। लड़का डर कर घर से बारह चला गया था।

# कैथल:बगैर नक्शा पास कराए होटल बनाने वालों को डीसी ने दी राहत

**मोहलत**

**8 गुरुवार को दो होटल को सील किया गया था और बाकियों को 6 घंटे का नोटिस दिया गया था।**



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

बिना नक्शा पास कराए निर्माण करने व अनियमिताएं मिलने पर शहर के सील किए गए होटल मालिकों को जिला प्रशासन ने कुछ दिनों की मोहलत दी है। गुरुवार को दो होटल को सील किया गया था और बाकियों को 6 घंटे का नोटिस दिया गया था।

शुक्रवार को व्यापारियों ने इसे मामले को लेकर विधायक लीला राम व नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग से मुलाकात की। विधायक व चेयरपर्सन ने शुक्रवार को इस मामले को लेकर उपायुक्त प्रशांत पंवार से मुलाकात कर बातचीत की। व्यापारियों को इस मामले में समय देने की बात कही। प्रशासन की तरफ से अब इस मामले में प्रतिष्ठान संचालकों को समय दिया गया है, ताकि वे नक्शा की प्रक्रिया को पूरी कर सकें।डीसी से मिलने वालों में पार्षद रिंकू सैनी, राज सैनी, दीपक शर्मा, संजय सिंह, विरेंद्र बतरा, प्रवेश शर्मा, धर्मवीर सैनी मौजूद रहे। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि बिना एनओसी के चल रहे होटलों के खिलाफ नगर परिषद की टीम ने कार्रवाई की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### जींद : प्लाट की सौदेबाजी कर हड़पे पांच लाख,डीलर समेत दो पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

श्याम नगर में प्लाट की सौदेबाजी कर पांच लाख रुपये हड़पने तथा रजिस्ट्री करवाने से मना करने पर शहर थाना पुलिस ने प्रोपर्टी डीलर समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी शीला देवी ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह प्लाट लेने की इच्छुक थी। जिसके चलते उसकी मुलाकात पटियाला चौक के प्रोपर्टी डीलर जसबीर मदान से हुई।

उसने वेद नगर निवासी संजीव से मिलवाया। जिसने श्याम नगर में 200 वर्ग गज प्लाट का मालिक बताया। जिसके चलते पांच लाख रुपये मे प्लाट का सौदा तय हो गया। 24 अप्रैल 2018 को तीन लाख 30 हजार रुपये नगदी तथा चैकों के माध्यम से गवाह की मौजूदगी में राशि का भुगतान कर दिया। आरोपित कोई न कोई बहाना बना कर आरोपित रजिस्ट्री से टरकाते रहे। जब उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि संजीव प्लाट का मालिक नही है और ना ही कोई मौके पर प्लाट है।

प्लाट की रजिस्ट्री ना होने पर उसने आरोपितों से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने ने लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने शीला की शिकायत पर संजीव तथा जसबीर मदान के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हिसार : बिजली निगम ने उपभोक्ता को थमाया चार साल पुराना बिल

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

अपने अजब-गजब कारनामों के लिए मशहूर बिजली निगम का हांसी में एक और नया कारनामा सामने आया है। बिजली निगम द्वारा अपने एक उपभोक्ता को चार वर्ष पहले के बकाया बिल का नोटिस थमाया गया है।

बिजली निगम ने आदर्श नगर कालोनी के अपने उपभोक्ता विपिन कुमार को कोरोना काल के समय का बकाया बिल का नोटिस भेजा गया है। विपिन कुमार द्वारा अपने प्रत्येक बिजली का समय पर भुगतान करने का दावा किया है। बिजली निगम का नोटिस मिलने के बाद जब विपिन कुमार बिजली निगम कार्यालय पहुंचा तो निगम के अधिकारियों ने उसकी सुनवाई नहीं की। निगम अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने पर विपिन कुमार ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई गई है।

सीएम विंडो पर डाली शिकायत में विपिन कुमार ने कहा कि उसने अपने आवास पर लगे बिजली मीटर के अंतिम बिल 542 रुपए का भुगतान इसी साल 16 मार्च को किया था जिसकी रसीद उसके पास मौजूद है। बावजूद इसके 27 मार्च को बिजली निगम से उनके फोन पर पेडिंग बिल का मैसेज आया। फोन पर आए मैसेज के लिए जब मैं हांसी बिजली निगम कार्यालय में गया तो उसे बताया गया कि निगम द्वारा वर्ष 2020 से कोरोना महामारी के कारण उनके मीटर की रीडिंग कम भेजी जा रही है। और मीटर रीडिंग कम भेजे जाने की वजह से आपका अब तक 6485 रुपए का भुगतान लंबित है।

विपिन ने कहा बिजली निगम कोरोना महामारी की आड़ लेकर अपनी गलती को छिपा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मीटर रीडिंग हैंड मशीन द्वारा नोट कर मौके पर बिल निकालकर दिया जाता है। ऐसे में यह गलती कैसे हो सकती है और अगर हुई है तो किस स्तर पर और क्यों हुई। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा समय पर बिजली बिजली बिलों का भुगतान नहीं करने वाले डिफाल्टरों को समय-समय पर राहत दी जाती रही है, लेकिन समय पर अपने बिलों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। फिलहाल सीएम विंडो पर विपिन की शिकायत को सुनवाई के लिए रख लिया गया है।

### सोशल मीडिया पर ऐड के नाम पर लाखों की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

सोशल मीडिया पर पान मसाले शॉपिंग के लिए विज्ञापन कर ठगी करने वाले दो आरोपियों को साइबर थाना बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में आशीष और धर्मेंद्र का नाम शामिल है। दोनों आरोपी उज्जैन रोड देवास जिला मध्यप्रदेश के रहने वाले है।

# कबाड़ के गोदाम में लगी आग, तीन झुग्गी सहित दो बाइक जलीं

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

जिले के गांव करनावास में गुरुवार रात एक कबाड़ के गोदाम में आग लगने से आसपास की तीन झुग्गियां, दो बाइक सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। अग्निशमन की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

यूपी निवासी साहिल ने शुक्रवार को बताया कि गांव करनावास में अनेक लोग झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। झुग्गी-झोपड़ी के पास ही एक कबाड़ का गोदाम बना हुआ है। आसपास की कंपनियों से निकलने वाला प्लास्टिक का स्क्रैप यहां एकत्रित किया जाता है।

# विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिभा खोज जैसे कार्यक्रम जरूरी: कम्बोज

**कार्यक्रम**

**8 भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। हमारी संस्कृति का इतिहास भी सबसे प्राचीन है।**




**टीम एक्शन इंडिया/यहिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिभा खोज जैसे कार्यक्रम जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। हमारी संस्कृति का इतिहास भी सबसे प्राचीन है। वे शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए विश्वविद्यालय में समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का भी आह्वान किया और कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। विद्यार्थी हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि वे समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आगे आएं। कुलपति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने वेस्टर्न डांस, राजस्थानी एवं हरियाणवी नृत्य, भंगडा, पन्नी डांस तथा हरियाणवी स्कीट सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।


**नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मतदान के लिए भी किया प्रेरित**

कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में बिना किसी भय, लोभ, लालच के मतदान में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। मंच संचालन छात्र मनोज, जस्मीन, नवीन, अनुराधा तथा प्रीति ने किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि छात्र एवं छात्राओं ने जिस जोश एवं ऊर्जा के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं उस जोश को अन्य कार्यों में भी बनाए रखे।

# फरीदाबाद में रिश्वत लेता जीएसटी इंस्पेक्टर एसीबी को चमका देकर हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की फरीदाबाद टीम द्वारा दस हजार रूपए की रिश्वत के आरोप में जीएसटी इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मीणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।




एसीबी की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड? के लिए रेड डाली, जहां से आरोपी सुरेश रिश्वत के पैसे लेकर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ फरीदाबाद स्थित एसीबी पुलिस थाने में मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की गई है। इस मामले में आरोपी की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी जीएसटी इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मीणा द्वारा शिकायतकर्ता की फर्म के नए जीएसटी नंबर के पंजीकरण के बदले में दस हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी। एसीबी की टीम ने तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकड? के लिए योजना बनाई और शिकायतकर्ता की निशानदेही पर आरोपी को पकड? के लिए रेड डाली। इस दौरान आरोपी मौके से दस हजार की रिश्वत के साथ फरार हो गया।

# यमुनानगर : मिट्टी की ढांग ढहने से दो महिलाओं की मौत, छह घायल

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

जिले में खंड सढौरा के गांव रतौली में शुक्रवार सुबह मिट्टी की खुदाई के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी धंसने से एक ही परिवार के आठ सदस्य मलबे में दब गए। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह घायलों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिन्हें ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सढौरा पुलिस थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गांव रतौली में ईद की तैयारियों के लिए आज सुबह एक परिवार की पांच महिलाएं, एक पुरुष और दो बच्चे घर की लिपाई करने के लिए मिट्टी लेने गए थे।

# रेवाड़ी : पुलिस पीसीआर को पिकअप ने मारी टक्कर, तीन पुलिसकर्मी घायल



**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

जिले के महेंद्रगढ़ रोड पर एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने गुरुवार की रात पुलिस पीसीआर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पुलिस की गाड़ी पलट गई और उसमें सवार ड्राइवर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरोपित पिकअप वाहन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

हादसे में घायल हेड कॉन्स्टेबल अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार देर रात वह पीसीआर में गश्त के दौरान महेंद्रगढ़ रोड पर बुड़ौली बस स्टॉप के पास सीहा की तरफ जाते समय उनके पीसीआर वाहन को पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद पुलिस की गाड़ी पलटी खाते हुए सड़क किनारे पहुंचकर पलट गई। पिकअप के चालक ने कुछ दूर आगे जाकर अपनी गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। अमरजीत ने बताया कि पीसीआर में उसके अलावा चालक अरविंद और होमगार्ड संदीप कुमार सहित उसे भी को चोटें आई। पुलिस पीसीआर वाहन और पिकअप गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना के बाद खोल थाना प्रभारी और डहीना चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने अपनी गाड़ी से तुरंत तीनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल अमरजीत की शिकायत पर खोल थाना में फरार पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपित ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

# कनाडा में पक्की नागरिकता दिलाने का झांसा देकर लाखों ठगे

**शिकायत**

**8 जांच अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पोर्टल पर मिली थी**




**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

कनाडा मे रह रहे रिश्तेदार का एजेंट बन पक्की नागरिकता का झांसा दे छह लाख रुपये का चूना लगाने पर साइबर थाना पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निम्नाबाद निवासी कुलविंद्र ने साइबर थाना को दी शिकायत मे बताया की उसके ससुर गांव खतौली जिला पटियाला पंजाब निवासी गुरूचरण सिंह ने फोन पर बताया था कि उसकी साली का लड़का जुझार सिह कनाडा में रह रहा है। वहां की पक्की नागरिकता के लिए उसे छह लाख रुपये की जरूरत है। उसके ससुर गुरूचरण ने उसका मोबाइल नंबर दे दिया। कुछ समय के बाद उसके मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल आई और बताया कि वह जुझार सिंह का एजेंट बोल रहा है।

२जिसे पक्की नागरिकता के लिए छह लाख रुपये की जरूरत है। राशि को पीएनबी के दिए गए खाते में डाल दो। जिस पर उसने दिए गए खाते में छह लाख रुपये डाल दिए। कुछ समय के बाद पता चला की किसी व्यक्ति ने रिश्तेदार का एजेंट बन कर छह लाख रुपये की राशि को हडप लिया। जिस नबर से उसके ससुर के पास काल आई उसका कोड कनाडा का था। जिस नंबर से उसके पास काल आई उसका कोड भारतीय था। साइबर थाना पुलिस ने कुलविद्र की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पोर्टल पर मिली थी।

**शिकायत**

**8 जांच अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पोर्टल पर मिली थी**

# हरियाणा में उम्मीदवार नहीं बदलेगी भाजपा, विपक्ष की है कोरी अफवाह: सैनी

**लोकसभा चुनाव**

**8 शहीद भगत सिंह व अंबेडकर के साथ न लगें केजरीवाल की तस्वीर: मुख्यमंत्री सैनी**




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों के बदलने की अफवाहों पर विराम लगाते हुए साफ कर दिया है कि उम्मीदवारों के नामों में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। पार्टी के संसदीय बोर्ड ने लंबे मंथन के बाद यह सूची जारी की है।

सैनी शुक्रवार को चंडीगढ़ भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हरियाणा में होने वाली चुनावी रैलियों के संबंध में चर्चा की। सौदान सिंह से मुलाकात के बाद नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में साफ किया कि भाजपा ने सबसे पहले सभी दस सीटों पर अपने उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। सैनी ने कहा कि विपक्षी दलों के पास उम्मीदवारों का भारी अभाव है। जिसके चलते वह भाजपा के उम्मीदवारों को बदले जाने का भ्रम फैला रहे हैं।

नायब सैनी ने रणदीप सुरजेवाला के विवादित बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस के कल्चर में महिलाओं का सम्मान नहीं होता है। सुरजेवाला कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं। उनके बयान से यह साफ हो गया है कि कांग्रेस का बड़े से बड़ा नेता भी महिलाओं के प्रति कैसी भाषा बोल सकता है। हरियाणा वह धरती है, जहां से बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं को शुरू किया गया। हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने बजट में केंद्र की तरह प्रदेश में भी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना शुरू की है। दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता महिलाओं का अपमान कर रहे हैं।

सैनी ने कहा कि देश में लंबे समय तक राज करने वाली कांग्रेस आज पूरी तरह से बौखला रही है। आज देश का हर गरीब नागरिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ एक उम्मीद से देख रहा है। कांग्रेस को इस बात की पीड़ा है कि मोदी गरीबों के हित में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता कभी प्रधानमंत्री तो कभी भाजपा की महिला सांसदों के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं। दिल्ली व पंजाब सरकार के मंत्रियों की फोटो के साथ शहीद भगत सिंह व अंबेडकर के फोटो लगाने से शुरू हुए विवाद पर नायब सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सार्वजनिक मंचों से ईमानदार होने का दावा करते रहे हैं। अब उनकी तथा उनके मंत्रियों की पोल खुल चुकी है।

ऐसे में सरकारी दफ्तरों में शहीद भगत सिंह व अंबेडकर की फोटो के साथ अरविंद केजरीवाल के फोटो नहीं लगाए जाने चाहिए।

# फरीदाबाद: युवती को प्रेम विवाह में मिला धोखा, की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

लव मैरिज में मिले धोखे से आहत युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद पुलिस ने फरार युवक की तलाश शुरू कर दी है। मृतका ने करीब एक माह पूर्व घर से भाग कर अपने प्रेमी के साथ शादी की थी। आरोप है कि 15 दिन बाद ही प्रेमी ने अपनी नई नवेली दुल्हन को ठुकरा दिया। लडकी मायके आ गई और प्यार में मिले धोखे से आहत होकर उसने मकान की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी।



युवती की गुरुवार की रात दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बदरपुर बॉर्डर इलाके में रहने वाली प्रियंका को इलाके में ही किराए पर रह रहे युवक अर्जुन से प्यार था। दोनों के परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हुए तो वे घर से भाग गए और चार मार्च को शादी कर ली। दोनों ने फरीदाबाद कोर्ट में कोर्ट मैरिज की और फिर फरीदाबाद के सेक्टर 11 के आर्य समाज मंदिर में सात फेरे भी लिए। दोनों के प्रेम विवाह के बंधन में 15 दिन बाद ही दरार आ गई। लडकी ने जिस प्यार के खातिर अपने माता-पिता भाई बहन और घर को छोड़ दिया, इसी प्यार ने उसे 15 दिनों में धोखा दे दिया। युवक अर्जुन शादी के 15 दिन बाद ही घर छोडकर भाग गया। इसके बाद लडकी अपने पिता के घर लौट आयी। प्रियंका के भाई सतेंद्र प्रताप ने बताया कि उसकी बहन ने अर्जुन के साथ भाग कर शादी की थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# मोदी को पीएम बनाने के लिए पूरे देश में जोश : धामी

**कश्मीर के धारा-370 का अंत हुआ है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा खत्म हुई है: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

**वोट की अपील**

**लोकसभा चुनाव भारत को विकसित और शक्तिशाली भारत बनाने का चुनाव है : सीएम धामी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**थत्यूड़:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को थत्यूड़ के जीआईसी ढाणा खेल मैदान में टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता में भारी जोश दिख रहा है। इस बार मतदाता मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनाना चाहता है। सीएम धामी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भारत को विकसित और शक्तिशाली भारत बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सीएए लागू हुआ है। कश्मीर के धारा-370 का अंत हुआ है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा खत्म हुई है। आज अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण का सपना साकार हुआ। कोरोना काल के बाद संपूर्ण देश में मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। उत्तराखंड में 12 लाख परिवारों से ज्यादा हर घर को नल और जल से जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्य में 1 लाख से ज्यादा घरों का निर्माण हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है, दूसरी ओर पीएम मोदी भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना चाहते हैं। बीते विधानसभा में उत्तराखंड की जनता ने मिथक तोड़ा है। जिसके चलते उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक पास करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसके साथ ही नकल विरोधी कानून लागू किया गया। धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, विधायक प्रीतम पंवार, पूर्व विधायक महावीर रांगड़, जोत सिंह विष्ट, प्रभारी विधानसभा मौजूद रहे।

## जिनकी खुद की गारंटी नहीं उनकी गारंटी पर जनता को भरोसा नहीं: बीजेपी

**साधा निशाना**

**कांग्रेस की विश्वसनीयता शून्य है। लिहाजा जिनकी खुद की गारंटी नहीं उनकी गारंटी पर जनता को भरोसा नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादान:** बीजेपी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को निराशाजनक और आत्मविश्वास से खोखला बताते हुए देश को पीछे ले जाने वाला बताया। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस की विश्वसनीयता शून्य है। लिहाजा जिनकी खुद की गारंटी नहीं उनकी गारंटी पर जनता को भरोसा नहीं है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा कि उनके चुनावी घोषणा पत्र में लगातार हार से उपजी निराशा और वैचारिक खोखलापन स्पष्ट नजर आता है। आत्मबल से हीन उनका घोषणा पत्र सभी बिंदुओं पर पूरी तरह निराश करने वाला है। इसमें पहला सवाल तो यह उठता है कि जिन 10 गारंटियों की बात वे कर रहे हैं वो सभी उन्होंने कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में क्यों नहीं लागू किया। चंद महीने पहले तक राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी उनकी सरकार थी। वहां भी ऐसी कई गारंटी का वादा किया लेकिन लागू नहीं किया। आगे इस बात की क्या गारंटी है कि वह इसे चुनाव के बाद लागू करेंगे। उन्होंने तंज कसा कि लगभग 60 वर्षों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस ने हमेशा देशवासियों के साथ अन्याय किया है। जनता को जाति, धर्म, वर्गों और क्षेत्रों में बांटकर राज करने की संस्कृति को आगे बढ़ाया। कभी भी गरीब, युवा, किसान, महिला, पिछड़े समाज और व्यवसायियों, सेवाकर्मियों, निजीकर्मियों, सैनिकों किसी के लिए कभी कोई काम नहीं किया, केवल वादा किया। यही वजह है कि कांग्रेस की विश्वसनीयता आज शून्य हो गई है। 2019 में भी मोदी की छह हजार रुपये की किसान सम्मान निधि की तरह ही कांग्रेस ने 72 हजार रुपये की घोषणा की थी लेकिन जनता ने उनकी बातों पर भरोसा नहीं किया।

## फास्ट न्यूज

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कहा- रोड नहीं तो वोट नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

चंपावत: जनपद के विकासखंड पाटी के जोगा बसान के ग्राम प्रधान पुष्कर राम और जगदीश सिंह-उप प्रधान के संयुक्त नेतृत्व में बटुलिया गांव में तीन गांवों के लोगों ने शुक्रवार को प्रदर्शन कर रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाये। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि वह लगातार गरसाड़ी- जोगा बसान- बटुलिया-पारस सड़क की मांग कर रहे हैं, सड़क सुविधा न होने से ग्रामीणों को पाटी तहसील मुख्यालय आने के लिए 13 किलोमीटर पैदल रास्तों को पार कर आना पड़ता है। सड़क न होने से बीमार, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं को डोली में ले जाने की मजबूरी है। सड़क बनने से रमक, मंगललेख, कांडा, ककरौली, कलौन, रिखोली, ढोलीगांव, पारस, बटुलिया, बसान की करीब चार हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। सड़क के कार्य में प्रगति नहीं होने पर वे लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को मजबूर होंगे।

### नवरात्र मेला क्षेत्र में पूर्णरूप से प्रतिबंधित रहेंगे वाहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** चैत्र नवरात्र में विंध्यधाम मेला क्षेत्र में पूर्णरूप से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। मेला क्षेत्र के बाहर बने वाहन स्टैंड में ही वाहनों को खड़े करने की व्यवस्था रहेगी। जिला प्रशासन ने नवरात्र में प्रतिदिन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया है। मेला क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अस्थायी निजी वाहन स्टैंड बनाए जाएंगे। बरतर तिराहा, रेहड़ा चुंगी रेलवे पुलिया के पहले, पटेगरा नाला, मोतीझील मार्ग सहित अन्य स्थानों पर वाहन स्टैंड बनेंगे। वाहनों को खड़ा करने के पश्चात श्रद्धालुओं को विन्ध्यवासिनी मंदिर तक पैदल जाना पड़ेगा। सभी वाहन स्टैंडों से मंदिर की दूरी लगभग चार सौ से पांच सौ मीटर की है। पुलिस प्रशासन नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों पर जुमार्ना लगाएंगा। इसके लिए मेला क्षेत्र तिराहों और चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी।

**अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय निवासियों के लिए बनेंगे वाहन पास:** मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश के लिए जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय निवासियों, मेला में तैनात अधिकारी, कर्मचारी के लिए मेला पास बनाया जाएगा। मेला पास नवरात्र के एक दिन पहले स्टेट बैंक चौराहा स्थित प्रशासनिक भवन में वाहन की आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, दो फोटो और मेला प्रभारी व नगर मजिस्ट्रेट के नाम प्रार्थना पत्र देकर बनवाया जा सकता है।

### गहलोत-डोटासरा को जेल में चक्की चलानी पड़ेगी: शिक्षा मंत्री

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा पर पेपर लीक और नकल प्रकरण में निशाना साधते हुए कहा है कि आपको जो कुछ खाना हो, खा लो। जो पीना हो, पी लो। थोड़े दिन बाद आपको जेल में चक्की चलानी पड़ेगी। अपराधियों को प्रवर्तन निदेशालय छोड़ेगा नहीं। उधर, डोटासरा ने दिलावर के बयान पर आपत्ति जताते हुए पलटवार किया कि उनका शायद मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।

## 'सपा से नहीं कोई नाराजगी, सुनीता को लड़ाएंगे चुनाव'



**एकजुट**

**सपा के सच्चे सिपाही हैं और अखिलेश उनके अभिभावक हैं। वह सपा उम्मीदवार को मिलकर चुनाव लड़ाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** सपा से टिकट कटने के बाद नाराज बताए जा रहे विधायक अतुल प्रधान को लेकर उनके दूसरे दलों में जाने की अटकलें लग रही थीं। शुक्रवार को सपा विधायक अतुल प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने बारे में चल रही चचाओं पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि वह सपा के सच्चे सिपाही हैं और अखिलेश यादव उनके अभिभावक हैं। वह सपा उम्मीदवार को मिलकर चुनाव लड़ाएंगे। शास्त्री नगर स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा हमें सम्मान दिया है। हमारी नजदीकी अखिलेश यादव से काफी लंबे समय से है। कई बार पार्टी फैसला लेती है और शीर्ष नेतृत्व को टिकट की घोषणा करनी पड़ती है। चुनाव कोई एक व्यक्ति ही लड़ता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पिछले काफी समय से उनका टिकट कटने के बाद नाराजगी की खबरें आ रही थीं। उनके सत्तारूढ़ दल में शामिल होने की खबरें भी चल रही थीं, जो गलत हैं। पार्टी में अपना सम्मान लेने और टिकट लेने के लिए हर कोई मांग करता है। हम भी टिकट मांग रहे थे, जो पहले हो गया। लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बाद में सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। अतुल प्रधान ने कहा कि पूर्व विधायक योगेश वर्मा से भी मेरे संबंध मधुर हैं। मैं समाजवादी पार्टी का सिपाही हूं और समाजवादी पार्टी में ही रहूंगा। किसी और दल में जाने की बातें गलत हैं। पत्नी सीमा प्रधान को भी किसी अन्य दल से चुनाव लड़ाने से उन्होंने इंकार किया। सपा विधायक रफीक अंसारी और विधायक शाहिद मंजूर से नाराजगी के सवाल पर कहा कि शाहिद मंजूर मेरे बड़े हैं, उनके आदेशों को मैं मानूंगा।

## अंचल में नहीं पनप पाएंगे भूमाफिया: सिंधिया

**मंडल और बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक को केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया संबोधित**

**टीम एक्शन इंडिया**

शिवपुरी: केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मेरे साथ रहेगा तो इस अंचल में कोई भूमाफिया नहीं पनप पाएंगे। काला बाजारियों की कोई जगह नहीं होगी। राशन की दुकानों पर कब्जा करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा। आपकी सुरक्षा और आपकी रखवाली यह मेरा दायित्व नहीं धर्म बनेगा। इस संकल्प के साथ में आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस क्षेत्र का विकास और तरक्की मेरी पहली प्राथमिकता है। सिंधिया परिवार कई सालों से इस संकल्प के साथ काम कर रहा है। श्री सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार के लिए राजनीति एक माध्यम है। राजनीति को हमने जन सेवा का माध्यम बनाया है। जन भावना के साथ काम करने का संकल्प सिंधिया परिवार ने लिया है। हमारे परिवार का लक्ष्य जनसेवा व विकास है और इसी पर सिंधिया परिवार आगे भी काम करता रहेगा। श्री सिंधिया ने यह बात अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री सिंधिया ने कहा कि यह चुनाव नहीं है बल्कि संग्राम है और लड़ाई है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ता एक सेनापति के रूप में काम करे। श्री सिंधिया ने यह बात शिवपुरी में शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के मंडल और बूथ कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। एक निजी होटल में आयोजित इस बैठक में शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के पुरानी शिवपुरी मंडल और ग्रामीण मंडल के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

श्री सिंधिया ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी बूथ पर मजबूती के साथ जुट जाए।



## जस्टिस गांगुली पर सीएम ममता का हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गई हैं। शुक्रवार को उन्होंने एक साथ तीन जगह पर अलग-अलग जनसभाएं की और बीजेपी पर तीखा हमला बोला। तूफानगंज की जनसभा में खास तौर पर तमलुक से उम्मीदवार कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली को उन्होंने निशाने पर लिया। ममता ने कहा कि आपने कई लोगों की नौकरियां खत्म की है। अब जनता की अदालत में आपका फैसला होगा। बनर्जी ने बिना किसी का नाम लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली की हार की भी भविष्यवाणी की।

## पप्पू यादव अब कहां जाएंगे?

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। कांग्रेस में अपनी पार्टी का विलय करने के बावजूद वह निर्दलीय ही चुनावी मैदान में उतर गए हैं। उनके इस कदम से कांग्रेस पार्टी खासा नाराज है। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने गुरुवार को ही पप्पू यादव को नामांकन वापस लेने के लिए कह दिया था। हालांकि, अभी तक पप्पू ने ऐसा नहीं किया है।

**'कांग्रेस में कोई विवाद नहीं...':** वहीं, शुक्रवार को एक बार फिर अखिलेश सिंह ने अपनी बात दोहराई। उन्होंने साफ किया कि सीटों को लेकर कांग्रेस में कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आला नेतृत्व महागठबंधन की सीट शेयरिंग पर मुहर लगा चुका है। अखिलेश इस दौरान मीडिया पर भी सख्त रवैया अपनाते हुए दिखे। उन्होंने कहा कि ये आप लोगों (मीडिया) की समस्या है। आप लोग समस्या खड़ी करना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी को कोई समस्या नहीं है।



**'किसी को इजाजत नहीं...':** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने दोहराया कि किसी भी उम्मीदवार को निर्दलीय लड़ने की इजाजत कांग्रेस पार्टी ने नहीं दी है। हमें 9 सीटें मिली है।

26 सीटों पर राजद को हम समर्थन देंगे और पांच सीटों पर वाम दलों को समर्थन देंगे। इससे पहले, गुरुवार को अखिलेश सिंह ने पप्पू यादव को चेतावनी देते हुए साफ कर दिया है कि उन्हें अपना नामांकन वापस लेना होगा।

## हेमंत की भाभी ने परिवार के खिलाफ खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**दुमका: झामुमो** से भाजपा में शामिल होने के बाद बतौर लोकसभा प्रत्याशी गुरुवार को पहली बार दुमका पहुंची सीता सोरेन ने झामुमो पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो में अब कोई भविष्य नहीं है। झामुमो के कार्यकर्ता हमारे संपर्क में हैं।

**सीता सोरेन ने झामुमो पर बोला हमला:** सीता ने कहा कि झामुमो के मंत्री और नेता सब दलाल हो गए हैं। जेब गर्म करने में लगे हैं। इन्हें झारखंड के विकास से कोई मतलब नहीं है। झारखंड सरकार पूरी तरह फेल्योर है। राज्य में भ्रष्टाचार हावी है। जमीन की लूट मची है। खनिज व कोयला की तस्करी कर झारखंड को खोखला किया जा रहा है। 24 साल में अब तक समग्र विकास नहीं हो सका है।

**मोदी के विचारों से समग्र विकास संभव: सीता सोरेन**

सीता ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। कहा कि मोदी के विचारों से ही समग्र विकास संभव है। भाजपा में नारी शक्ति का सम्मान है। कहा कि भाजपा की सरकार बनेगी तो झारखंड के युवाओं को उनका हक मिलेगा। रोजगार मुहैया कराई जाएगी। पेपर लिक मामले की जांच करा इसमें शामिल गिरोह पर कार्रवाई होगी।



**हमला बोला**

**झामुमो पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो में अब कोई भविष्य नहीं है। कार्यकर्ता हमारे संपर्क में हैं**

**14 सीटों पर जीतेगी भाजपा:** कहा कि इस बार भाजपा सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगी। एक सवाल पर कहा कि उनके पति स्व.दुर्गा सोरेन की मौत संदिग्ध हालत में हुई थी। उनके मौत की जांच कराने की मांग कई बार कर चुकी हैं, लेकिन उनके इस मांग को हमेशा टाल दिया गया। कहा कि अब भाजपा में शामिल होने के बाद वह अपने पति स्व.दुर्गा सोरेन की मौत की जांच की मांग कर रही हैं।

## नवरात्र मेला में मारपीट की शिकायत पर होगी कार्रवाई: मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. ने शुक्रवार को यहां कहा कि मां विंध्यवासिनी के मंदिर से दुनिया में अच्छा संदेश जाए, ताकि यहां पर्यटकों की संख्या बढ़े। इसके लिए श्रीविंध्य पंडा समाज के सदस्य, पुरोहित, स्थानीय लोग और पुलिस श्रद्धालुओं के साथ सदव्यवहार करें। किसी भी स्तर पर मारपीट व दुर्व्यवहार की शिकायत पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उप पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत चहुंओर पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था रहेगी। इसके अतिरिक्त सिविल ड्रेस में पुलिस व एलआईओ के भी जवान तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी आने वाले पुलिस कर्मियों को अच्छी तरह से ब्रीफ कर दें कि श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। भटके हुए श्रद्धालुओं को उचित मार्ग पर भेजना सुनिश्चित करें।

**निकास द्वार से प्रवेश और मां विंध्यवासिनी के चरण स्पर्श पर प्रतिबंध:** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी व पंडा समाज के पदाधिकारियों से कहा है कि निकास द्वार से प्रवेश एवं मेला के दौरान गर्भगृह में चरण स्पर्श पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

## आयकर विभाग ने जारी किया टोल फ्री नम्बर

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** लोकसभा निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रयुक्त नकदी एवं काले धन संबंधी शिकायत को लेकर शुक्रवार को आयकर विभाग ने एक टोल फ्री नम्बर जारी किया। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कार्यालय मुख्य निर्वाचन द्वारा अवगत कराया गया कि आयकर विभाग ने एक कन्ट्रोल रूम टोल फ्री नम्बर 1800-180-7540 तथा व्हाट्सएप नम्बर 6388736373 को स्थापित किया गया है।

उक्त नम्बरों पर निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रयुक्त नकदी एवं काले धन सम्बन्धी शिकायत एवं फैक्स नम्बर-0522-2233306 पर शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रयुक्त नकदी एवं काले धन सम्बन्धी शिकायत उक्त नम्बरो पर की जा सकती है।

**प्रतियोगिता** जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने दो मैच जीतकर व एक मैच में वॉकओवर हासिल कर पहले स्थान पर रही

## इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में भिड़ेंगी जेजेटी और संबलपुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/झुंझुनूं**

**ऑल इंडिया** इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) टूर्नामेंट में सात दिन तक चले लीग मुकाबलों के बाद अपने-अपने पूल में टॉप पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं और संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर के बीच खेला जाएगा। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के बैनर के नीचे श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप लीग मुकाबलों से नॉक आउट दौर में प्रवेश कर गई है। पूल ए में मेजबानी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने दो मैच जीतकर व एक मैच में वॉकओवर हासिल कर पहले स्थान पर रही और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पूल बी में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई, संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने अपने-अपने लीग के दो-दो मैच जीत कर बराबर अंक अर्जित किए एवं रन रेट के मामले में संबलपुर यूनिवर्सिटी, संबलपुर ने बाकी दोनों यूनिवर्सिटीज को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पूल सी में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने अपने तीनों ही लीग मैच जीत कर पूल में पहला स्थान अर्जित करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि पूल डी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर ने दो मैच जीतकर एवं एक मैच में वॉकओवर हासिल करते हुए पूल में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने बताया कि पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के मध्य खेला जाएगा।



**रोमांचक मैच**

**पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी और श्री जेजेटी में होगा**

## अफवाह फैलाने वाले सिंगूर और नंदीग्राम से कर रहे संदेश खली की तुलना: ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर संदेशखाली की हालिया घटनाओं की तुलना वाम मोर्चा सरकार के दौरान हुई सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं से करने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम बनर्जी ने तूफानगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, संदेशखाली की तुलना सिंगूर या नंदीग्राम से नहीं की जा सकती। संदेशखाली में कुछ घटनाएं स्थानीय थीं। आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। हमने शेख शाहजहां जैसे लोगों को गिरफ्तार किया है। तूफानगंज अलीपुरद्वार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने एक बार फिर लोगों से सीएए पोर्टल पर आवेदन न करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लयाद रखें, एक बार जब आप वहां आवेदन कर देंगे तो आप देश के नागरिक नहीं रहेंगे। मैं पश्चिम बंगाल में सीएए और एनआरसी के कार्यान्वयन को रोकने के लिए दृढ़ हूं।

